नई दिल्ली, बुधवार 12 फरवरी 2025 ■ माघ मास शुक्ल पक्ष -पूर्णिमा ■ वर्ष : 28, अंक : 304 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 27 न्यून. 12 haribhoomi.com



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

आज अमृत स्नान

श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं

# माघ पूर्णिमा पर आज बन सकता है 'नया रिकॉर्ड'

महाशिवरात्रि तक स्नानार्थियों की संख्या 50 से 55 करोड़ के ऊपर जा सकती है

महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की ▶▶ शेष पेज 7 पर

» मंगलवार से ही मेला क्षेत्र 'नो व्हीकल जोन' घोषित

» रेलवे ने फंसे श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने विशेष ट्रेनें चलाईं

## भीड़-भाड़ को कम करने डिजिटल टोकन प्रणाली शुरू

प्रशासन ने भीड़-भाड़ को कम करने के लिए स्नान घाटों तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के लिए एक डिजिटल टोकन प्रणाली भी शुरू की। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि कुंभ एक समावेशी आध्यात्मिक अनुभव बना रहे।



## अंबानी परिवार की 4 पीढ़ियां एक साथ पहुंची महाकुंभ

मां कोकिलाबेन भी प्रयागराज में

दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी अपने परिवार की 4 पीढ़ियों के साथ महाकुंभ पहुंचे। मां कोकिलाबेन अंबानी भी प्रयागराज आई हैं। अंबानी अपने परिवार के साथ प्रयागराज के अरैल घाट पहुंचे हैं। उनके साथ मां कोकिलाबेन अंबानी, बेटे अनंत और आकाश अंबानी, आकाश की पत्नी श्लोका मेहता और उनके दोनों बच्चे पृथ्वी और वेदा को भी कड़ी सुरक्षा के बीच अरैल घाट पर नाव की ओर ले जाया गया है। कोकिलाबेन अंबानी अपनी दोनों ▶▶ शेष पेज 7 पर

### वाराणसी में फिर बढ़ाई गईं स्कूलों की छुट्टियां

वाराणसी जिला प्रशासन ने एक बार फिर स्कूलों को 14 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया है। वाराणसी शहरी क्षेत्र में कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 14 फरवरी तक बंद कर दिया गया है और तब तक ऑनलाइन शिक्षण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया चलाने वाले बच्चों की निगरानी



नई दिल्ली। सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली कंपनी मेटा ने 'इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स' का भारत में विस्तार करने की घोषणा की। इसमें अवांछित बातचीत सीमित करने और गोपनीयता सेटिंग बढ़ाने के साथ मां-बाप की अधिक निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। हाल ही में भारत सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नियमों का मसौदा जारी किया था।

### 5 दिन में 18.64 लाख करोड़ रु.का नुकसान



नई दिल्ली। शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों के बीच डर है। बीते पांच दिन में सेंसेक्स 2.82% या 2215 अंक टूट चुका है, जबकि निफ्टी 50 2.91 फीसदी या 692 अंक गिर चुका है। पिछले पांच दिन के दौरान बीएसई के मार्केट कैपिटलाइजेशन से 18,63,747 करोड़ रुपए घटे हैं। निफ्टी 926.50 अंक या 1.84% टूट चुके हैं।

### रणवीर की जीभ काटने पर 5 लाख का इनाम



नई दिल्ली। यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया पर देश भर में एफआईआर भी दर्ज हो चुकी हैं। लोग उनसे बुरी तरह नाराज हैं। इस सब के बीच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने रणवीर इलाहाबादिया को लेकर एक विवादास्पद बयान दे दिया है। अंसारी ने रणवीर की जीभ काटने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है।

अमेरिका के उप राष्ट्रपति ने की प्रधानमंत्री मोदी के बयान की तारीफ

# वैश्विक प्रयासों से की जानी चाहिए भरोसेमंद और पारदर्शी एआई तंत्र की स्थापना: प्रधानमंत्री

फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित किए गए एआई एक्शन शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर दिए अपने संबोधन में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित किए गए कृत्रिम मेधा (एआई) एक्शन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अभूतपूर्व पैमाने और गति से विकसित हो रहे एआई को तेजी से अपनाया जा रहा है।

इसलिए इससे जुड़े ढांचागत तंत्र को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है। जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों से निपटे और भरोसे का निर्माण करें। एआई से जुड़ा शासन और मानक केवल जोखिमों और प्रतिद्वंद्विता से निपटने के बारे में नहीं है। बल्कि इसका संबंध नवाचार को बढ़ावा देने और इसे विश्व कल्याण के बारे में तैनात से भी जुड़ा है। हमें नवाचार और शासन के बारे में गहराई से सोचते हुए खुलकर चर्चा करनी चाहिए। यहां बता दें कि एआई शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने की। उनके निमंत्रण पर बीते सोमवार ▶▶ शेष पेज 7 पर



## राजनीति, अर्थव्यवस्था को नया आकार देता एआई

उन्होंने कहा कि एआई पहले से ही हमारी राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और यहां तक की हमारे समाज को भी नया आकार दे रहा है। यह इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। यह मानव इतिहास की बाकी प्रौद्योगिकी उपलब्धियों से बहुत अलग है। हम एआई युग की शुरुआत में हैं। जो मानवता की दिशा को आकार देगा। कुछ लोगों को बुद्धिमत्ता की मशीनों को इंसानों से बेहतर होने की चिंता है। लेकिन हमारे सामूहिक भविष्य और साझा नियति की कुंजी हम इंसानों के अलावा किसी और के पास नहीं है। जिम्मेदारी की उस भावना को हमारा मार्गदर्शन करना चाहिए।

### वैश्विक दक्षिण के देशों तक हो पहुंच

पीएम ने वैश्विक दक्षिण के देशों की चिंता पर दुनिया का ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना है। इसमें वैश्चिक दक्षिण मुख्य रूप से शामिल है। यह वह जगह है जहां क्षमताओं की बहुत अधिक कमी है। फिर चाहे वो कम्पुटिंग शक्ति हो, प्रतिभा, डेटा या वित्तीय संसाधन हों।

### प्रौद्योगिकी के कारण खत्म नहीं होती नौकरियां

प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई का सबसे भयावह पक्ष नौकरियों का नुकसान है। लेकिन इतिहास इस बात का साक्षी है कि नौकरियों के कारण काम खत्म नहीं होता है। केवल उसकी प्रकृति बदलती है और नए प्रकार की नौकरियां पैदा होती हैं। इसे देखते हुए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कौशल और पुनः कौशल प्रदान करने में निवेश करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी का अमेरिका ▶▶ शेष पेज 7 पर

### तेजी से हासिल होंगे सतत विकास लक्ष्य

पीएम मोदी ने कहा कि कृत्रिम मेधा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और ऐसी बहुत सी चीजों में सुधार करके लाखों लोगों के जीवन को बेहतर करने में मदद कर सकता है। इसकी मदद से एक ऐसी दुनिया बनाई जा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पूर्वाग्रहों पर सोचने की जरूरत

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी स्थानीय प्रणाली में निहित हो ताकि यह प्रभावी और उपयोगी हो सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेडिकल रिपोर्ट का ▶▶ शेष पेज 7 पर

### अनुभव साझा करने के लिए तैयार

हम सार्वजनिक हित के लिए एआई अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। हमारे पास भी एआई प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इतना ही नहीं भारत अपनी विविधता को देखते हुए अपना स्वयं का भाषा मॉडल बना रहा है। हमारे पास कंप्यूटर पावर जैसे संसाधनों को पूल करने के लिए एक अनूठा सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाला मॉडल भी है। जो हमारे स्टार्ट अप और शोधकर्ताओं ▶▶ शेष पेज 7 पर

### हरित ऊर्जा से बढ़ेगा एआई का भविष्य

पीएम ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एआई की उच्च ऊर्जा तीव्रता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके भविष्य को बढ़ावा देने के लिए हरित ऊर्जा की जरूरत होगी। भारत, फ्रांस ने सूर्य की शक्ति का दोहन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहलों के जरिए सालों तक साथ काम किया है। जैसे हम एआई को लेकर अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाते हैं। ये ▶▶ शेष पेज 7 पर

एआई सम्मेलन से इतर हुई भारत और एस्टोनिया के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक

## द्विपक्षीय भागीदारी के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर दोनों नेताओं ने की चर्चा



बैठक के बाद पीएम, राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मार्सिले के लिए रवाना हुए।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पेरिस में 11 फरवरी को आयोजित किए गए एआई एक्शन शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और एस्टोनिया के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध लोकतंत्र के समान मूल्यों, कानून के शासन और स्वतंत्रता व बहुलवाद के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता पर आधारित हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं ने आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। साथ ही संयुक्त राष्ट्र में सहयोग का ▶▶ शेष पेज 7 पर

### विकास यात्रा में भागीदार बने एस्टोनिया

प्रधानमंत्री मोदी ने एस्टोनिया की सरकार और कंपनियों को भारत की विकास यात्रा के जरिए मिल रहे अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का फायदा लेने का राष्ट्रपति कारिस से आग्रह किया। दोनों ने भारत-ईयू सामरिक भागीदारी के संदर्भ में आपसी साझेदारी के महत्व का उल्लेख करते हुए भारत-नॉर्डिक बाल्टिक फॉर्मेट के जरिए किए गए मंत्रिस्तरीय आदान-प्रदान का स्वागत किया। पीएम मोदी और ▶▶ शेष पेज 7 पर

संविधान का अपडेटेड वर्जन 22 कृतियों के साथ ऑनलाइन जारी

## इधर सदन में मामला उठा, उधर काम हो गया

◆ पक्ष, विपक्ष और सभापति राज्यसभा में हुई तीखी बहस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में एकबार फिर पक्ष, विपक्ष और आसंदी के बीच ठन गई। मामला था संविधान की मूल प्रति से 22 कृतियों को हटाया जाना। सभापति की अनुमति से भाजपा के राधामोहन अग्रवाल ने मामला उच्सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि संविधान की जो प्रति बाजार पर नेट पर या अन्य जगहों पर उपलब्ध है, जो संविधान की प्रति विभिन्न प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित की जा रही हैं उनमें वो 22 कृतियां शामिल नहीं जो संविधान सभा द्वारा अनुशंसित और हस्ताक्षरित थी। उन्होंने आरोप लगाय कि बिना संसद से पारित कराये संविधान में पूर्ववर्ती सरकार ने संशोधन कर दिये जो सर्वथा गैर संवैधानिक है।

राधामोहन अग्रवाल ने कहा कि 26 जनवरी 1949 को संविधान सभा द्वारा नंदलाल बोस को जो संविधान लागू करने को थमाया गया था उसके 22 अध्यायों में देश की हजारों साल की सभ्यता का दर्शन था। जिनमें सिंधु घाटी सभ्यता, मोहन जोदडो, बादशाह अकबर, शिवा जी राव, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने के समय की चित्र, श्रीकृष्ण कुरुक्षेत्र में अर्जुन को युद्ध मंत्र देते हुए चित्र, भगवान बुद्ध, महावीर जैसे कई महापुरुषों और इतिहास की कृतियां थीं, लेकिन आज जो संविधान विभिन्न जगहों पर उपलबध है उनमें ऐसे कोई कृति दिखायी नहीं देती। इसे अविलंब सुधार की मांग केंद्र सरकार से करता हूं।

इस पर कडी प्रतिक्रिया दर्ज करते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि ये बाबा साहेब का अपमान करने की कोशिश है। जो संविधान उन्होंने दिया उसमें संशोधन की मांग करना ठीक नहीं। उनके इस बात पर सदन में हंगामा मच गया। सभापति जगदीप धनखड जैसे पूरी तैयारी से आसंदी ▶▶ शेष पेज 7 पर

## दिल्ली में हुई हरियाणा भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक मेयर और चेयरमैनों के नाम का फाइनल पैनल तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रदेश अध्यक्ष बडौली बोले हरियाणा में नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय

हरियाणा में नगर निकाय चुनाव के संदर्भ में मंगलवार को दिल्ली हरियाणा भवन में भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक हुई। देर सायं हुई बैठक के दौरान हरियाणा में होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, सांसद धर्मबीर सिंह, सांसद रामचंद्र जांगडा, मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व मंत्री राम बिलास शर्मा, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता आदि नेताओं की उपस्थिति में मेयर और चेयरमैन के नामों पर विस्तृत चर्चा कर उम्मीदवारों के नामों के फाइनल पैनल तैयार किए गए। बैठक में बीजेपी नेताओं ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा के नगर निकाय चुनाव में बीजेपी की जीत तय है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बैठक के ▶▶ शेष पेज 7 पर

## रक्षा मंत्री ने वैश्विक समुदाय से किया उन्नत प्रणालियों के साझा विकास का आह्वान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बेंगलुरु में एयरो इंडिया शो के दौरान रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उन्नत प्रणालियों का सह-उत्पादन और विकास करने के लिए भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि कमजोर स्थिति से वैश्विक व्यवस्था और शांति सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।

भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक अनुकूल नीति व्यवस्था ▶▶ शेष पेज 7 पर



■ बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया शो के दौरान मंगलवार को रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह।

### आईओआर से परे भारत की प्रतिबद्धता

राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फाइव एस' के सिद्धांत का अनुपालन करता है। इसमें सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि शामिल हैं। ये ही भारत की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी की आधारशिला ▶▶ शेष पेज 7 पर

### विघटनकारी प्रौद्योगिकियों ने बढ़ाई चिंता

उन्होंने कहा कि संघर्षों की बढ़ती संख्या, नए हथियारों व विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के बढ़ते उभार ने वैश्विक व्यवस्था को और अधिक चिंताजनक बना दिया है। ये साइबर स्पेस और बाह्य अंतरिक्ष संप्रभुता की मौजूदा परिभाषा को चुनौती दे रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि कृत्रिम मेधा, ▶▶ शेष पेज 7 पर

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में बजट 2025-26 पर चर्चा का दिया जवाब

कहा, बजट का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर

## निवेश और निर्यात को ग्रोथ इंजन बनाने के साथ गांवों में समृद्धि लाने पर सरकार का जोर: सीतारमण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में बजट 2025-26 पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्व का परिदृश्य 180 डिग्री घूम गया है, बजट बनाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि यह बजट राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं का राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलन कायम करने वाला है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों की महंगाई कम होती दिख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को ग्रोथ इंजन बनाने के साथ गांवों में समृद्धि लाने पर सरकार जोर दे रही है।



■ कृषि उत्पादन में सबसे पिछड़े 100 जिलों में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट 2025-26 का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर है। इसका आधार कृषि, एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं और सुधारों को प्रस्तुत करना था। विकास, ग्रामीण समृद्धि और लचीलेपन के प्रावधान के साथ-साथ उठाए गए कदम विकास के इंजन के रूप में काम करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादन ▶▶ शेष पेज 7 पर

### उत्तर प्रदेश की 'डबल इंजन' सरकार 'डबल ब्लंडर' कर रही: अखिलेश

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्था में कथित खामियों और कई स्थानों पर यातायात जाम होने का हवाला देते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि वहां की तस्वीरें देखकर सनातन धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति को बहुत दुख पहुंचा है। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि उत्तर प्रदेश की 'डबल इंजन' सरकार 'डबल ब्लंडर' कर रही है। यादव ने आरोप लगाया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए बजट में कोई रोडमैप नहीं दिखाई देता है।

## खबर संक्षेप

### प्रॉपर्टी विवाद के चलते शख्स की हत्या

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के बिंदापुर में एक शख्स की घर के पीछे ही हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक धर्मेंद्र (35) का उसके भाई रविंद्र के साथ प्रॉपर्टी के किराये को लेकर झगड़ा चल रहा था। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर आगे की तफ्तीश में जुटी है। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार हत्या की यह वारदात 10 फरवरी सोमवार को रात लगभग 10 बजे सामने आई। पुलिस टीम मकान नंबर 29, मटियाला गांव, उत्तम नगर निवासी धर्मेंद्र दलाल के घर के पीछे पहुंची। शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला कि मृतक और उसके भाई रविंदर के बीच संपत्ति विवाद था। उनके पिता बलवान का दोनों बेटों में से एक की तरफ अधिक झुकाव था। किराए की आय के बंटवारे को लेकर भी झगड़ा था। आरोपी भाई और उसके सहयोगियों की तलाश जारी है। पुलिस ने यह भी साफ किया कि हत्या की इस वारदात का उस वाटिका से कोई लेना-देना नहीं है जहां कुख्यात गैंगस्टर काला जठेड़ी की शादी का आयोजन किया गया था।

### मेट्रो में आसाराम बापू के विज्ञापन पर लोगों ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों के अंदर लगे दुष्कर्म के दोषी आसाराम बापू के विज्ञापन लगने से यात्रियों में आक्रोश देखा गया है। ऐसे विज्ञापन देखकर लोगों ने डीएमआरसी से इसकी शिकायत करते हुए इन्हें तुरंत हटाने की मांग की है। इस बारे में डीएमआरसी की तरफ से संक्षिप्त जवाब में कहा कि ऐसे विज्ञापन संज्ञान में आने के बाद अब इन्हें हटाया जा रहा है। वहीं इससे पहले लोगों ने डीएमआरसी के सोशल मीडिया हैंडल शिकायत करते हुए उन्हें हटाने की मांग की थी। यह मांग लगभग तीन चार दिनों से की जा रही है। जानकारी अनुसार गत कई दिनों से दिल्ली के विभिन्न मेट्रो स्टेशनों व मेट्रो रेल के अंदर डिस्प्ले पैनलों पर लगे हुए है। इस विज्ञापन में आसाराम की मुस्कुराते हुए तस्वीर है और 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की अपील की गई। यह विज्ञापन लोगों को रास नहीं आ रहा है। ऐसे में अब डीएमआरसी ने इन विवादित विज्ञापनों को हटाना शुरू कर दिया है।

### बस के ब्रेक फेल, डिवाइडर के पोल से टकराई

**नई दिल्ली।** इंद्रपुरी थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह एक हरे रंग की डीटीसी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे पोल से टकरा गई। इस घटना में एक यात्री घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती तफ्तीश में लग रहा है कि बस के ब्रेक फेल होने से हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक रूट नंबर 725 पर चलने वाली हरे रंग की बस शंकर रोड से इंद्रपुरी की ओर जा रही थी। जैसे ही बस टोडापुर के पास पहुंची यह हादसा हो गया। घटना के वक्त बस में कई यात्री सवार थे। घायल हुए व्यक्ति का नाम हरीश राम है। उसका अभी इलाज चल रहा है। ड्राइवर ने अपने बयान में कहा कि ब्रेक फेल होने की वजह से बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे साइनबोर्ड के खंभे से टकरा गई। इस हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### पति की हत्या में दो साल से फरार पत्नी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड टीम ने पति के मर्डर केस में फरार चल रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला का नाम रेखा बताया गया है। इसने अपने बॉयफ्रेंड राजकुमार उर्फ कालू के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी महिला दो साल से फरार थी। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार तीस हजारी कोर्ट ने इस महिला को 3 मार्च 2023 को भगौड़ा घोषित कर दिया था। हत्या की यह वारदात बाहरी दिल्ली के निहाल विहार थाना इलाके में सामने आई थी। इसे वजीराबाद इलाके से गिरफ्तार किया गया।

### तीन सदस्यों की गोली मारकर कर दी थी हत्या

# मर्डर केस में आठ साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जैतपुर इलाके के एक हत्या केस में आठ साल से फरार आरोपी को अपराध शाखा की एनआर-1 टीम ने गिरफ्तार किया है। इसे 2018 में भगौड़ा घोषित किया गया था। आरोपी सचिन चौधरी को कई अन्य मामलों में भी भगौड़ा घोषित किया जा चुका था।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार जैतपुर थाना इलाके में 15 फरवरी 2014 को रात करीब पौने 10 बजे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या का मामला सामने आया था। अमित कुमार और उसके माता-पिता की उनके घर के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई और पत्नी पर भी जान से मारने की नियत से गोली चलाई गई थी। अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी सचिन चौधरी ने आत्मसमर्पण नहीं किया था और फरार हो गया था। वह लगभग आठ वर्षों तक गिरफ्तारी से बचता रहा। पूछताछ में पता चला कि आरोपी सचिन चौधरी पार्किंग विवाद को लेकर अमित कुमार और उसके माता-पिता की गोली मारकर हत्या करने में शामिल था। 2017 में इसे 15 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी, लेकिन इसने आत्म समर्पण नहीं किया था। साकेत कोर्ट ने 3 फरवरी 2018 को इसे भगौड़ा अपराधी (पीओ) घोषित कर दिया था। तब से आरोपी लगातार अपना नाम और पता बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था। 10 फरवरी को एसआई संजय राणा को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि आरोपी सेक्टर-77 फरीदाबाद में रहता है और सेक्टर-17 फरीदाबाद में काम करता है। इस खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एक जाल बिछाया गया और आरोपी को सेक्टर-17 फरीदाबाद से पकड़ लिया गया। अभियुक्त सचिन चौधरी चार अन्य आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है। वर्तमान में वह फरीदाबाद में एक जिम मालिक के यहां ड्राइवर के रूप में कार्यरत था।

# पंजाब को कुछ लोगों ने अपना एटीएम समझ लिया है : स्वाती मालीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को हार मिलने के बाद स्वाति मालीवाल के कई बयान सामने आए है। इसी कड़ी में स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को एक बार फिर नाम लिए बगैर आप और अरविंद केजरीवाल पर हमला किया है। स्वाति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करके कहा कि पंजाब को कुछ लोगों ने अपना एटीएम समझ लिया है। सैंड माइनिंग, ट्रांसफर-पोस्टिंग और रियल स्टेट। इसके बाद उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि इस लूट को रोकना होगा। इसके बाद मालिवाल ने कहा कि जगह-जगह सैंड माइनिंग खुलेआम हो रही है। ट्रांसफर पोस्टिंग में खुलेआम भ्रष्टाचार है। यहां तक कि रियल स्टेट डेवलपर से भी वसूली की जा रही है। मालिवाल ने कहा कि इसको लेकर पंजाब के लोगों और एमएलए में काफी गुस्सा है। मालिवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली में हार मिलने के बाद अपनी राजनीति को जिंदा रखने के लिए अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की तरफ रुख करने की प्लानिंग की है। मालिवाल ने कहा कि केजरीवाल ने अर्जेंट में पंजाब के सभी विधायकों की बैठक बुलाई है। क्योंकि पंजाब के विधायकों के बीच इस बात को लेकर काफी नाराजगी है कि कहीं अरविंद केजरीवाल पंजाब तो नहीं आ रहे हैं।

### 'आप' डूबता जहाज, लंबे समय तक नहीं टिकेगा : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** रोहिणी विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप)पर निशाना साधते हुए कहा कि आप डूबता जहाज है और दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी लंबे समय तक नहीं टिकेगी। गुप्ता ने यह बात पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब के अन्य आप विधायकों की दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के साथ हुई बैठक के संबंध में कही। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल बैठक कर रहे हैं, लेकिन यह डूबता हुआ जहाज है। वे अपने लोगों को एकजुट रखने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन यह लंबे समय तक नहीं टिकेगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल कर 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है। उधर आम आदमी पार्टी चुनाव में 62 सीटों से 22 सीटों पर आ गई है।

## फसलों तथा सब्जियों में करें हल्की सिंचाई : पूसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ इस सप्ताह तापमान बढ़ने की संभावना

दिल्ली और आसपास के इलाकों में किसान अपनी फसलों तथा सब्जियों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) के अंतर्गत कृषि भौतिकी संभाग की नोड़ल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने मंगलवार को किसानों के लिए यह सलाह जारी की है। बता दें कि पूसा कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार किसानों को यह कृषि कार्य करने की सलाह दी जाती है। मौसम को ध्यान में रखते हुए गेहूँ की फसल में रोगों, विशेषकर रतुआ की निगरानी करते रहें। काला, भूरा अथवा पीला रतुआ आने पर फसल में डाइथेन एम-45 (2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी) का छिड़काव करें। पीला रतुआ के लिये 10-20 डिग्री सेल्सियस तापमान उपयुक्त है। 25 डिग्री सेल्सियस तापमान से ऊपर रोग का फैलाव नहीं होता। भूरा रतुआ के लिये 15 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ नमीयुक्त जलवायु आवश्यक है। काला रतुआ के लिये 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान और नमी रहित जलवायु आवश्यक है। वर्तमान तापमान को ध्यान में रखते हुए किसान सभी सब्जियों तथा सरसों की फसल में चेपा के आक्रमण की निगरानी करें। मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान टमाटर, मिर्च, कद्दूवर्गीय सब्जियों के तैयार पौधों की रोपाई इस सप्ताह कर सकते हैं।

### सार्वजनिक अवकाश के फैसले का भाजपा ने किया अभिनंदन

**नई दिल्ली।** हम एक दिल्लीवासी होने के नाते इस ऐतिहासिक फैसले का अभिनंदन करते हैं और संत रविदास जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि दिल्ली में पहली बार, जन भावनाओं का सम्मान करते हुए 12 फरवरी को संत शिरोमणि पूज्य रविदास जी की जयंती पर शासकीय स्तर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। बता दें कि दिल्ली सचिवालय के अंतर्गत सामान्य प्रशासन विभाग ने यह नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि पूज्य रविदास जी की जयंती पर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह निर्णय न केवल संत रविदास जी के महान विचारों को सम्मान देने का प्रतीक है, बल्कि समाज में समानता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### कई क्षेत्रों में दो दिन रह सकती है पेयजल आपूर्ति बाधित

■ डीजेबी ने की फ्री टैंकर की व्यवस्था

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा भूमिगत जलाशय और बूस्टर पम्पिंग स्टेशन की फ्लशिंग के वार्षिक कार्यक्रम के कारण 13 और 14 फरवरी को कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि 13 फरवरी 2025 को सी-3/120 जनकपुरी, सी-5/ए ब्लॉक 153 एमआईजी जनकपुरी, डीजी-टू विकास पुरी, एलआईजी फ्लैट्स मयूर विहार फेज-तीन, पीतम पुरा और शालीमार बाग में जलापूर्ति बाधित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि 14 फरवरी 2025 को सी-5/ए ब्लॉक 153 एमआईजी जनकपुरी, बोडेला बीपीएस, सी-5/ए ब्लॉक 48 एमआईजी जनकपुरी, डीजी-टू (नया) विकास पुरी, डीडीए फ्लैट्स एमआईजी झिलमिल, बीएफ ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, बीजी1, एसएफएस पश्चिम विहार, 246 जनता फ्लैट पीतमपुरा, रमेश नगर, कीर्ति नगर, मानसरोवर गार्डन, सरस्वती उद्यान सहित इनसे जुड़े क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि पहले ही पर्याप्त पानी भरकर रख लें। बावजूद इसके अगर जरूरत हो तो संबंधित क्षेत्र के डीजेबी कार्यालय अथवा केंद्र नियंत्रण कक्ष से निशुल्क पानी के टैंकर मंगाए जा सकते है।

## हमें दिल्ली की चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने की है जरूरत : वी. सतीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पं. दीन दयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की



आज दिल्ली में भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। जिस झुग्गी में बैठना मुश्किल है वहां लोग रहते हैं और जो गंदा पानी महकता है उसे लोगों को पीना पड़ता है इसलिए हमें इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने की जरूरत है। अंत्योदय के विचार को दिल्ली में भी अप्लाई करके पंडित दीनदयाल उपाध्याय को हम सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने दिल्ली भाजपा के सांसदों, विधायकों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि नॉन कांग्रेस की शुरुआत उनके द्वारा की गई थी और फिर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के वक्त एनडीए का प्रयोग किया जो आज तक सफल रहा। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, महामंत्री एवं सांसद योगेंद्र चंदोलिया, महामंत्री विष्णु मित्तल, सांसद बांसुरी स्वराज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सतीश उपाध्याय, रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर हर्ष वर्धन सहित भाजपा के नव निर्वाचित विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा ने पुष्पांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### हर हाथ को काम और हर खेत को पानी का नारा दिया

राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने कहा कि हर हाथ को काम और हर खेत को पानी का नारा उन्होंने दिया और फिर अंत्योदय के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी योजनाओं के माध्यम से इसको पूरे देश भर में लागू किया। प्रदेश मंत्री किशन शर्मा ने पुष्पांजलि कार्यक्रम के अंत में वी. सतीश का उनके सम्बोधन के लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

### दीन दयाल एकता की बात करते थे और इसी को आगे बढ़ाया

राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार टुकड़ों में नहीं था क्योंकि वह एकता की बात करते थे और इसी को उन्होंने आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस प्रकार से आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार की है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में तैयार किया जा रहा है यह भी दीनदयाल उपाध्याय का विचार था।

# दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर है पुरानी जानकारी




दया राम ⏭ नई दिल्ली

■ आई टी विभाग प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन का दावा है कि निगम में सब कुछ पारदर्शी है लेकिन देखा जाए तो निगम की वेबसाइट पर पुरानी जानकारी उपलब्ध रहती है। इस संबंध में निगम के प्रेस एवं सूचना निदेशालय प्रशासन को बार बार अवगत कराया गया है, इसके बाद भी यहां वेबसाइट पर कोई सुधार नहीं दिख रहा है। बता दें कि गत वर्ष फरवरी माह के दौरान पूर्व महापौर डॉ. शैली ओबरॉय से प्रेसवार्ता में जब वेबसाइट के संबंध में प्रश्न किया तो उन्होंने बताया था कि जल्द ही दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट की तस्वीर भी बदलने वाली है। देखा जाए तो महापौर जरूर बदल गया है लेकिन निगम की वेबसाइट इस डिजिटल समय में भी डिब्बे के जैसी ही है। बेवासाईट की बात करें तो कई बड़े अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं या फिर इधर से उधर हो गए गए हैं लेकिन वे इन दिनों भी निगम की वेवसाइट पर दर्ज है। वहीं, बता दें कि इसके साथ ही विज्ञापन विभाग की बात करें तो कई जोन में टेंडर होने के बाद यूनिपोल लग चुके हैं लेकिन यहां वेबसाइट पर इसकी कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में पारदर्शी प्रशासन का दावा करने वाले निगम प्रशासन को लेकर कहा जा सकता है कि या तो वह यूनिपोल अवैध है या फिर निगम में मनमानी चल रही है और जानकारी यहां साझा नहीं की जा रही है। इसके अलावा कई संबंधित लिंक्स पर क्लिक करते हैं तो यह संचालित ही नहीं हो पाते हैं।

### एकीकरण से पहले होती थी तमाम जानकारी

बता दें कि दिल्ली में जब तीन दिल्ली नगर निगम (उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी) होते थे तब उस समय दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर तमाम जानकारी होती थी। जैसे की सभी विभागों पर प्रमुखों के अलावा विभाग के अन्य अधिकारियों, प्रेस एवं सूचना निदेशालय पर प्रतिदिन अखबारों में प्रकाशित होने वाली न्यूज़ क्लिपिंग, पार्षदों की फोटो सहित लिस्ट आदि लेकिन इन दिनों वेबसाइट पर आधी अधूरी जानकारी उपलब्ध हैं और कई विभागों ने तो जनता को जागरूक करने वाली जानकारी अपने विभागों से हटा ली है।

### बजते रहते हैं लैंडलाइन नंबर, मोबाइल नंबर हटाए

इसके साथ ही बता दें कि वेबसाइट पर दिल्ली नगर निगम के कई अन्य विभागों पर जानकारी अधूरी है। कई विभागों ने जो ईमेल आईडी जारी की हैं, यदि उन पर जानकारी मांगी जाती है तो वहां से जानकारी भी नहीं मिल पाती है। इसके साथ ही पहले जहां विभागों के प्रमुख अधिकारियों, निरीक्षकों के मोबाइल नंबर वेबसाइट पर उपलब्ध होते थे, वहां से अब उन्हें हटा लिया गया और अब सिर्फ लैंडलाइन नंबर ही हैं और वे नंबर या तो बजते ही रहते हैं या फिर यह नंबर उपलब्ध नहीं की आवाज सुनाई देती है।

### घायल सफाई कर्मचारी के लिए निगम ने की सहयोग की पहल

# कठिन परिस्थितियों में निगम हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ कर्मचारी की स्थिति के अनुसार श्रमिक मुआवजा किया जाएगा प्रदान

दिल्ली नगर निगम ने वार्ड संख्या 187, सरिता विहार, सेंट्रल जोन के सफाई कर्मचारी शीश पाल के परिवार की सहायता के लिए एक स्वैच्छिक योगदान अभियान शुरू किया है और इसे देखते हुए निगम आयुक्त अश्विनी कुमार ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि इस कठिन समय में शीश पाल और उनके परिवार को हर संभव सहायता देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निगम प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि 4 फरवरी 2025 को शीश पाल तुगलकाबाद कंपोस्ट प्लांट में एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसके परिणामस्वरूप उनके दोनों पैर काटने पड़े। इस दुखद घटना को देखते हुए निगम ने अपने कर्मियों से एकजुटता दिखाने और उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने का आह्वान किया है। यह योगदान फरवरी 2025 के वेतन बिल से स्वैच्छिक कटौती के माध्यम से किया जाएगा।

निगम प्रशासन का कहना है कि समूह ए के स्थायी कर्मचारी से 200 रुपए, संविदा कर्मचारी से 100 रुपए, समूह बी के स्थायी कर्मचारी से 75 रुपए, संविदा कर्मचारी से 30 रुपए, और समूह सी एवं डी के स्थायी कर्मचारी से 15 रुपए, संविदा कर्मचारी से 5 रुपए स्वैच्छिक कटौती है। जो कर्मचारी योगदान नहीं देना चाहते, वे 15 फरवरी 2025 तक अपने संबंधित ड्रॉइंग एवं डिस्बर्सिंग अधिकारी (डीडीओ) को अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। कुल स्वैच्छिक योगदान की राशि का चेक परिवार को सौंपा जाएगा।

### जब तक अस्पताल में दिया जाता रहेगा वेतन

निगम प्रशासन ने यह भी बताया कि इसके अतिरिक्त यह निर्णय भी लिया गया है कि जब तक शीश पाल अस्पताल में है, तब तक उनका वेतन दिया जाता रहेगा, और, आगे की सहायता जैसे श्रमिक मुआवजा, उनकी स्थिति के आधार पर तय की जाएगी। सहानुभूतिपूर्ण आधार पर शीश पाल के परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने का भी निर्णय लिया है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके। पीड़ित सफाई कर्मचारी शीश पाल के मामले को लेकर एमसीडी स्वच्छता कर्मचारी यूनियन के नेतृत्व में मंगलवार को सिविक सेंटर महापौर कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रदीप राव/राय पुत्र** केशव राज, **निवासी** मकान नं0 बी–2/856, जेजे कॉलोनी, मदनपुर खादर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 127/2024, U/S 328/381/120B/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, दक्षिण–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप राव/राय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप राव/राय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 127/2024, U/S 328/381/120B/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, दक्षिण–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **प्रदीप राव/राय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
न्यायिक मजिस्ट्रेट–05 प्रथम श्रेणी,
दक्षिण–पूर्व जिला, कोर्ट नं0–510,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/1392/SE/2025
(Court Matter)

**आईएसएफ लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : खसरा नं. 10/2, समालका, नई दिल्ली–110037
CIN NO : L74899DL1988PLC076648 email.id info@isflimited.in Phone No.: 0120-3226522, 9105535135

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रु. लाख)

| विवरण | समाप्त तिमाही (समीक्षाकृत) 31.12.2024 | समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) 31.03.2024 | समाप्त तिमाही (समीक्षाकृत) 31.12.2023 |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 42.13 | 202.33 | 58.35 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ | -24.05 | -73.89 | 10.13 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद) | -24.05 | -73.89 | 10.13 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक) | 95000000 | 95000000 | 95000000 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष (31.03.2024) की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | | 392.72 | |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | -0.0253 | -0.0778 | 0.0107 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | -0.0253 | -0.0778 | 0.0107 |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.isflimited.in पर उपलब्ध है।

कृते आईएसएफ लिमिटेड
हस्ता/–
(विशाल डंग)
पूर्ण कालिक निदेशक

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 11.02.2025

## उपराज्यपाल ने नई दिल्ली में एनडीएमसी ट्यूलिप फेस्टिवल 2025 का किया उद्घाटन

# हमें दिल्ली को बनाना है और अधिक खूबसूरत : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमें दिल्ली को और अधिक खूबसूरत बनाना है, जिसके लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। इस सहयोग के कारण नीदरलैंड के साथ जो मैत्री बनी है, उससे एक ट्यूलिप के पौधे का नाम 'मैत्री' रखा गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नीदरलैंड की राजदूत, महामहिम मारिसा जेराड्र्स के साथ नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ट्यूलिप महोत्सव - 2025 के उद्घाटन के बाद यह बातें कही। यहां दोनों महानुभावों ने ट्यूलिप वॉक में भाग लिया और एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल की उपस्थिति में मंगलवार को नई दिल्ली में शांति पथ, चाण्क्यपुरी में एनडीएमसी द्वारा



आयोजित ट्यूलिप प्रदर्शनी का भी दौरा किया। एनडीएमसी प्रशासन के अनुसार पहली बार एनडीएमसी ने एक लाख ट्यूलिप फूलों के गमले बनाए हैं और उन्हें शांतिपथ लॉन, लोधी गार्डन, नेहरू पार्क, तालकटोरा गार्डन, सेंट्रल पार्क और एनडीएमसी नर्सरी (सफदरजंग मदरसा, गुरुद्वारा पार्क, पुराना किला रोड आदि) में आम जनता को उपलब्ध कराने के लिए बिक्री के लिए रखा है। इस वसंत ऋतु में, नई दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों जैसे शांतिपथ लॉन, कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क, एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर लॉन, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, सरदार पटेल मार्ग, मंडी हाउस, विंडसर प्लेस, शेरशाह सूरी मार्ग और कई राउंड अबाउट्स पर ट्यूलिप बल्ब खिल रहे हैं।

### इस वर्ष 3 लाख 25 हजार ट्यूलिप लगाए गए हैं

उपराज्यपाल सक्सेना ने एनडीएमसी के प्रयासों और कड़ी मेहनत से फूलों की देखभाल करने वाले तथा इन फूलों से यहां की खूबसूरती को फैलाने वाले मालियों को बधाई दी और कहा कि इस वर्ष 3 लाख 25 हजार ट्यूलिप लगाए गए हैं। डीडीए के 20 पार्कों में भी इस बार कुछ ट्यूलिप लगाए गए हैं। हिमाचल प्रदेश के पालनपुर में 15 हजार ट्यूलिप भारत में ही विकसित किए गए हैं, जिन्हें नई दिल्ली में भी लगाया गया है। हमारा लक्ष्य अगले चार वर्षों में आयात पर निर्भरता को कम करना है।

### खिलते ट्यूलिप के साथ वसंत ऋतु का स्वागत कर रही दिल्ली

एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि पिछले दो वर्षों में से मिली सफलता और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी जनता से मिली सराहना के बाद, एनडीएमसी ने एनडीएमसी ट्यूलिप फेस्टिवल - 2025 के अपने तीसरे संस्करण का आयोजन करके भारत की राजधानी - नई दिल्ली के केंद्र में अपने खिलते ट्यूलिप के साथ वसंत ऋतु का स्वागत कर रही है। एनडीएमसी ने मौसमी उपयुक्तता का आकलन करने के लिए परीक्षण के रूप में 2017-18 में अपने ट्यूलिप बल्ब लगाना शुरू किया था। ट्यूलिप के 17 हजार बल्बों से शुरू हुई यह पहल तब से नई दिल्ली के पुष्प सौंदर्यीकरण की एक वार्षिक परंपरा बन गई है। यह पहल एक बड़ी सफलता साबित हुई है, जिससे एनडीएमसी सार्वजनिक स्थान पर इन कीमती फूलों को लगाने वाला भारत का पहला नागरिक निकाय बन गया है।

### दोनों देशों के बीच दोस्ती का उत्सव मनाने के लिए लगा रहे ट्यूलिप : मारिसा

इस अवसर पर नीदरलैंड की राजदूत मारिसा जेराड्र्स ने कहा कि हम अपने दोनों देशों के बीच दोस्ती का उत्सव मनाने के लिए ट्यूलिप लगा रहे हैं। हम देख सकते हैं कि ट्यूलिप उगाने से दिल्ली शहर कितना अच्छा लग रहा है। लेकिन, जाहिर है, ट्यूलिप के अलावा भी बहुत कुछ है, जो हमारे दोनों देशों को एक साथ जोड़ता है। हमारे बीच एक मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंध है, जो बहुत पुराना है। हम कृषि, स्वास्थ्य, जल प्रबंधन और नवाचार जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि हम इन क्षेत्रों में बहुत मजबूत साझेदार हैं।

## भाजपा विधायकों ने पार्टी अध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नवनिर्वाचित विधायकों ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर संशय की स्थिति के बीच हुई इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है।



नड्डा से मुलाकात के बाद कई विधायकों ने कहा कि बैठक में विधायक दल की बैठक या संभावित मुख्यमंत्री के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। भाजपा विधायकों ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) पर पार्टी की बड़ी जीत के बाद वे नड्डा से मिलना चाहते थे। भाजपा विधायकों ने संसद भवन में नड्डा के कार्यालय में उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस और अमेरिका की यात्रा से लौटने के बाद भाजपा के विधायक दल की बैठक होने की संभावना है। भाजपा ने 27 साल से अधिक समय तक सत्ता से बाहर रहने के बाद 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 48 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया है।

## सैनिक फार्म जैसी 69 कॉलोनियों को भी शीघ्र किया जाए नियमित : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित सैनिक फार्म जैसी 69 कॉलोनियों को नियमित करने और उनमें सभी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग लोकसभा में उठाई। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार 1700 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का फैसला लिया गया है, उसी प्रकार इन कॉलोनियों को भी नियमित किया जाए। इन कॉलोनियों का मामला लंबे समय से अटका हुआ है। सांसद बिधूड़ी ने बताया कि वह इस मामले को केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर और दिल्ली के उपराज्यपाल के समक्ष भी उठा चुके हैं। दिल्ली हाई कोर्ट की भी यही भावना है कि इन कॉलोनियों में नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बिधूड़ी ने संसद में कहा कि मोदी की सरकार ने राजधानी की 1700 से ज्यादा कॉलोनियों को नियमित किया है। इन कॉलोनियों में मालिकाना हक देने और नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम तेजी से चल रहा है लेकिन सैनिक फार्म जैसी 69 कॉलोनियों के बारे में निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों को भी मालिकाना अधिकार देने और नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणा शीघ्र की जानी चाहिए। इन कॉलोनियों के ले आउट प्लान बनाने और बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार उनमें मकान बनाने की अनुमति भी दी जानी चाहिए।


## वायु प्रदूषण फिर पहुंचा 400 एक्यूआई पार, दिल्ली में लग सकती है ग्रैप तीन की पाबंदियां

**नई दिल्ली।** कई दिनों बाद एक बार फिर दिल्ली वालों की सांसों पर जहरीली हवा ने पहरा लगा दिया है। मंगलवार को वायु प्रदूषण लेवल (एक्यूआई) 400 से ऊपर दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली में एक्यूआई 400 से अधिक यानी गंभीर श्रेणी में दर्ज हुआ। जिसके बाद संभावना है कि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत चरण-3 की पाबंदियां लगाई जा सकती है। इन पाबंदियों में वाहनों पर रोक, निर्माण कार्यों पर रोक, और स्कूलों के संचालन में बदलाव सहित अन्य शामिल हैं। सीपीसीबी के अनुसार वजीरपुर का एक्यूआई 494, मुडंका 377, बवाना 366, आईटीआई जहांगीरपुरी 323, नरेला 298, रोहिणी 286 और आनंद विहार 243 एक्यूआई दर्ज हुआ। जबकि सोमवार को दिल्ली का एक्यूआई 271 दर्ज हुआ था। वहीं एक दिन पहले यानी रविवार को एक्यूआई 227 रहा था। इस प्रकार कहा जा सकता है कि 24 घंटे के दौरान इसमें 44 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। सीपीसीबी के अनुसार पूरे एनसीआर के शहरों में भी वायु गुणवत्ता मध्यम से खराब श्रेणी में ही चल रही है। हाल फिलहाल इसमें अधिक बदलाव होने की संभावना नहीं है। अगर ऐसे में जीआरएपी के तहत चरण-3 की पाबंदियां लग जाती है तो दिल्ली-एनसीआर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लग जाएगी।

दिल्ली में पंजीकृत बीएस चार या उससे कम मानक के डीजल इंजन एमजीवी (मीडियम गुड्स व्हीकल) का परिचालन प्रतिबंधित होगा। दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएच चार या उससे कम मानक के डीजल इंजन के हल्के व्यावसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा सभी गैर-आवश्यक निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लग जाएगा, पत्थर तोड़ने (क्रशर) बंद होंगे और खनन संबंधित गतिविधियां रोक दी जाएंगी। जबकि स्कूलों के संचालन में बदलाव के तहत पांचवीं तक की कक्षाएं हाइब्रिड मोड पर चलाई जाएंगी, माता-पिता और छात्रों के पास जहां भी उपलब्ध हो, ऑनलाइन शिक्षा चुनने का विकल्प हो सकता है।

## सूरज के तेवर सख्त, लगातार तीसरा दिन साल का सबसे गर्म हुआ दर्ज

नई दिल्ली। सर्दी के मौसम में दिल्ली वालों को लगातार तीसरे दिन सूरज के कड़े तेवर देखने पड़े है। तीसरे दिन भी अधिकतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6.3 डिग्री ज्यादा के साथ इस साल का सबसे गर्म दिन दर्ज हुआ। जबकि इससे पहले सोमवार व रविवार भी अधिकतम तापमान सामान्य से पार से पांच डिग्री अधिक होने के चलते साल के सबसे गर्म दिन के रूप में दर्ज हुए थे। लेकिन दोनों दिनों से अधिक तापमान दर्ज होने के कारण मंगलवार सबसे




गर्म दिन के रूप में दर्ज हुआ है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार अधिकतम तापमान बढ़कर 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 6.3 डिग्री ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान अब भी सिंगल डिजिट 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो लगभग सामान्य कहा जा सकता है। लेकिन दिन का अधिकतम तापमान तीन दिन से सामान्य से बहुत अधिक दर्ज हो रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे समय से पहले ही दिल्ली से सर्दियां गायब हो रही है। आईएमडी का अनुमान है कि बुधवार को बादलों के छाने से पारा नीचे गिर सकता है। वहीं निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि लगातार दिल्ली गर्म हो रही है। कंपनी की मानें तो दिल्ली में फरवरी के महीने में 30 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज करने का पूरा इतिहास रहा है। हालांकि, आमतौर पर तापमान महीने के दूसरे हिस्से में और विशेष रूप से अंतिम सप्ताह में बढ़ता है। पिछले वर्षों में कई बार अधिकतम तापमान 28 डिग्री तक सीमित रहा, जबकि कुछ अवसरों पर यह बढ़कर 33 डिग्री से भी अधिक जा चुका है। रिकॉर्ड के अनुसार 26 फरवरी 2006 के दिन अब तक का सबसे अधिक तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। कंपनी ने अनुमान जताया कि इस बार फरवरी में दिल्ली के उच्चतम तापमान का रिकॉर्ड 30 डिग्री तक पहुंचने की संभावना नहीं दिख रही। कंपनी का कहना है कि राजधानी दिल्ली में 30 डिग्री का आंकड़ा लगभग 20 फरवरी के बाद दर्ज होता रहा है।

## फोरम ने की शिक्षक विरोधी सर्कुलर को वापस लेने की मांग

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी उस सर्कुलर की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें उन्होंने स्थायी नियुक्ति के स्तर पर एमफिल और पीएचडी धारकों के लिए अग्रिम वेतन वृद्धि देने से इनकार किया है। फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने यूजीसी चेयरमैन से शिक्षक विरोधी सर्कुलर को वापिस लेने की मांग की है और कहा है कि यूजीसी के इस रवैये से उच्च शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर काफी बुरा असर पड़ेगा तथा भविष्य में कोई भी शोधार्थी इस व्यवसाय में आने के लिए पीएचडी नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यूजीसी का यह निर्णय शिक्षण समुदाय के लिए काफी निराशाजनक है, इसको लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों में गहरा रोष व्याप्त है। जो कभी भी एक व्यापक आंदोलन का रूप ले सकता है। इस सर्कुलर से डीयू के हजारों शिक्षक प्रभावित होंगे। उनका कहना है कि एक तरफ सरकार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षण संस्थान खोल रही हैं वहीं दूसरी तरफ पीएचडी धारकों की अग्रिम वेतन वृद्धि देने से मना कर रही है। डॉ. हंसराज ने बताया कि हम इस निर्णय का पुरजोर विरोध करते हैं और यूजीसी चेयरमैन से आग्रह करते हैं कि वे इस सर्कुलर को तुरंत वापिस ले। उनका कहना है कि इस निर्णय का पुनर्मूल्यांकन हो और उन लोगों के लिए सार्थक प्रोत्साहन बहाल करें जिन्होंने ज्ञान और छात्रवृत्ति को आगे बढ़ाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है ।

## दिल्ली विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन आज से

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कला मंच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नीत दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के माध्यम से अपने तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव मदारी के 6वें संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम आज 12 फरवरी से 14 फरवरी तक दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न कलाओं, प्रदर्शनी और भारत की समृद्ध संस्कृति एवं विरासत की सजीव झलक देखने को मिलेगी। डूसू उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, डूसू सचिव मित्रविंदा कर्णवाल और एबीवीपी के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने मंगलवार को संयुक्त प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मदारी का 6वां संस्करण 12 से 14 फरवरी तक आर्ट्स फैकल्टी, नॉर्थ कैंपस में आयोजित किया जाएगा। यह मंच, रंगमंच और नुक्कड़ नाटक टोलियों को समाजिक मुद्दों पर आधारित कला की प्रस्तुति करने का अवसर प्रदान करेगा, जिनमें साहित्य समाज का दर्पण, महिलाओं का दृष्टिकोण और छात्रों के विचार जैसे विषय शामिल हैं। डूसू पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष मदारी में दिल्ली विश्वविद्यालय के 5000 से अधिक विद्यार्थी सहभागी होंगे, जो प्रदर्शन कला, चित्रकला और नुक्कड़ नाकट के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजेता टीमों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के आधार पर सम्मानित किया जाएगा।



# गाजियाबाद बनेगा ग्रेट गाजियाबाद, विद्यार्थियों के व्यवहार से बदलेगी शहर की सोचः नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद



स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड पायलट प्रोजेक्टः पांच हजार विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का फाइनल टेस्ट

नगर निगम का पायलट प्रोजेक्ट स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड पायलट प्रोजेक्ट लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को 100 स्कूलों में पांच हजार विद्यार्थियों ने स्वच्छता का फाइनल टेस्ट दिया।

जिसमें विद्यर्थियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हो, या कचरा पृथक्करण सभी विषयों पर गहनता से अध्यन करने के बाद अपने हिंदी व अंग्रेजी में अपने विचार रखे। स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड बुक का विमोचन उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने किया था।। इसके बाद गाजियाबाद में स्वच्छता की पाठशाला को लेकर और अधिक मजबूती से गाजियाबाद नगर निगम कार्य कर रहा है।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र के मुताबिक गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त के नेतृत्व में विद्यार्थियों को भी स्वच्छता से जोड़ा गया है। जब विद्यार्थी अपने व्यवहार में स्वच्छता को लेंगे तो हर शहर वासी स्वच्छता के प्रति जागरूक होगा। शहर से गंदगी दूर होगी। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रणाली को हर घर समझेगा गीले कचरे से खाद बनाना, तथा रीयूज़, रीसायकल, रिड्यूस को भी विद्यार्थी अपना रहे हैं। अपने-अपने घरों में अनुपयोगी वस्तुओं को कचरे में न फेंक कर ट्रिपल आर मुहिम को अपना रहे हैं। 28 जनवरी को प्रीटेस्ट सभी चिन्हित 100 स्कूलों में कराया गया। 29 तारीख को सभी संबंधित स्कूलों की अध्यापिकाओं की ट्रेनिंग हिंदी भवन में हुई।

## ननि कर्मचारियों ने रात्रि के समय बाजारों की सफाई के कार्य को वर्क आऊटसोर्स करने का विरोध किया

**फरीदाबाद।** नगर निगम प्रशासन द्वारा रात्रि के समय मार्केटों की सफाई के कार्य को वर्क आऊटसोर्स करने का विरोध करते हुए मंगलवार को नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन ने निगम मुख्यालय पर आम सभा की और निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रात्रि के समय मार्केटों की सफाई कार्य को वर्क आऊटसोर्स करने का विरोध करते हुए प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर के नेतृत्व में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त गौरव आंतिल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अगर नगर निगम प्रशासन ने ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से मार्केटों की सफाई कराने का प्रयास किया तो नगर निगम के चारों जोनों के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएगें। उन्होंने कहा कि वित्तायुक्त को भेजे गए 490 सफाई कर्मचारियों के पदों को स्वीकृति प्राप्त कराते हुए इन कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भर्ती कराकर सफाई कार्य को दुरूस्त करवाऐं।



## खबर संक्षेप

### पॉक्सो मामले में आरोपी को पकड़ा



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी मांगर की टीम ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में आरोपी रामू निवासी गांव अहेसा जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश को धौज एरिया से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि 3 जून 2024 को नाबालिग लड़की के परिजनों ने पुलिस चौकी मांगर में लड़की के घर से बिना बताए निकल जाने बारे शिकायत दी। थाना धौज में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर उन्नाव उत्तर प्रदेश के तलाश किया।

### 6.660 किलो ग्राम गांजा सहित आरोपी को दबोचा



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बार्डर की टीम ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी नितेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया के 10 फरवरी को अपराध शाखा की टीम को गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से बदरपुर बार्डर, सेक्टर-37 के पास में गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी नितेश निवासी मीठापुर, दिल्ली को सर्विस रोड़ बदरपुर बार्डर, सेक्टर-37 से काबू करके 6.660 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया है। जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना सराय ख्वाजा में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## कला एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित हो रहे हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम

# पंजाबी रैप सिंगर परमीश वर्मा की मस्त धुनों से गूंजायमान हुआ सूरजकुंड मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

नि राहे-राहे जान वालिए... तेरी टोर ने पटे मुटियारे नी..ए चैक कर मित्रा दीं बिल्लो सरदारी चैक कर, मितरां दा नाम बदनाम बिना गल तों, जैसे मदमस्त कर देने वाले पंजाबी गीतों की सुरीली सांझ के साथ विख्यात पंजाबी गायक परमीश वर्मा ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। युवा ही नहीं, प्रौढ़ आयु के श्रोता भी उनके पंजाबी ट्रैक पर झूम उठे।

सूरजकुंड में चल रहे 38वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में रोजाना सांस्कृतिक संध्या देशी विदेशी पर्यटकों को अनायास ही आकर्षित कर रही है। हरियाणा सरकार में कला एवं सांस्कृतिक विभाग और पर्यटन निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रख्यात रैपर परमीश वर्मा ने युवाओं को अपने सुरीले गीतों के साथ खूब नचाया। सूरजकुंड मेले में मुख्य सांस्कृतिक मंच पंजाबी शाम के लिए सजा हुआ था और युवा दिलों की धड़कन कहे जाने वाले परमीश वर्मा। पंजाब राज्य के तेजी से उभरते हुए इस युवा कलाकार ने रैप गायकी से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सिंगर लाडी ने भी उनका बखूबी साथ दिया। ढोल की थाप पर परमीश वर्मा ने मंच पर आते ही जैसे अपना गाना शुरू किया, युवाओं ने जोशीले अंदाज में उनका स्वागत किया।

**खास बातें**


- 38 वें अंतराष्ट्रीय शिल्प मेले में रोजाना सांस्कृतिक संध्या का आयोजन चल रहा
- देश-विदेशी पर्यटकों को अनायास ही आकर्षित कर रहा



### इस अवसर पर कई अधिकारी मौजूद थे

*हर कोई परमीश के साथ सेल्फी लेने के लिए आतुर दिखाई दिया, चाहे आगे की पंक्ति हो या पीछे बैठे श्रोता, ऐसा कोई नहीं था, जो परमीश के गानों पर ना झूम रहा हो। असीं हां पिंडा आले जट्टए आ ले चक मैं आ गयाए इक कृपा मेरी मां दी...ब नै यारां नू मेला लूटण कूं भेजा नी. आदि गीतों से पूरा पांडाल मस्ती में सराबोर हो गया। शो के दौरान परमीश वर्मा ने भी मंच से नीचे उतर कर अपने कुछ फैन के साथ सेल्फी खिंचवाई। इस शाम की खास बात रही कि परमीश के प्रति नौजवानों में काफी क्रेज दिखाई दिया। इस अवसर पर हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. सुनील कुमार, महाप्रबंधक आशुतोष राजन सहित जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे।*

### सूरजकुंड में आकर स्वयं को भाग्यशाली मान रहे हैं विदेशी कारोबारी



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड की प्राचीन ऐतिहासिक धरा पर विगत 38 सालों से आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में देश के ही नहीं, अपितु विदेश के भी व्यापारी आकर खुद को भाग्यशाली समझते हैं। ऐसे ही थाईलैंड से आए थाई डीडी ग्रुप ने मेले में स्टॉल लगाए जाने से लेकर फ्री आवासीस सुविधाएं दिए जाने पर हरियाणा सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। हरियाणवी चौपाल के समीप एफसी 34 नंबर स्टाल पर थाईलैंड का श्रृंगार सामान खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां सुंदर-सुंदर ईयररिंग, हेयर क्लिप, रंग-बिरंगे हेयर बैंड, ब्रासलेट, लेडिज बैग, पर्स, हैट्र फोन चार्म, चेन, टी.शर्ट, खिलौने, मोबाइल कवर, अंगूठी आदि उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

## अवैध कालोनियों में अभियान जारी

# विरोध के बीच जीडीए ने 95 बीघा भूमि पर विकसित पांच कॉलोनियां ध्वस्त की

**बाउण्ड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल आदि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

जीडीए का अवैध निर्माण/अवैध कॉलोनियों अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को जोन तीन में मटियाला में अभियान चलाया गया। इस दौरान 95बीघा भूमि में अवैध रूप से विकसित की पांच कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया।

सहायक अभियंता निशांत के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान अशोक जैन व लगभग 2 बीघा भूमि में सचिन चौधरी द्वारा फ्रेण्ड्स कॉलोनी निकट ग्राम मटियाला में, नीरज मलिक, योगेश चौधरी आदि द्वारा गोविन्द धाम कालोनी निकट ग्राम मटियाला, गाजियाबाद पर लगभग 22 बीघा क्षेत्रफल में, नीरज मलिक व योगेश चौधरी, अशोक जैन व सचिन चौधरी, सुभाष चौधरी व नरेन्द्र चौधरी, आदित्य कुमार व नितिन द्वारा ग्राम मटियाला, गाजियाबाद में लगभग 16 बीघा क्षेत्रफल में, मुकेश वर्मा आदि द्वारा ग्राम मटियाला, गाजियाबाद में लगभग 20 बीघा में एवं अमित चौधरी व सचिन चौधरी द्वारा फ्रेण्डस कॉलोनी के बगल में ग्राम मटियाला, गाजियाबाद पर लगभग 12 बीघे में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल आदि के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गयी।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर मनाया समर्पण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को सभी मंडलों में बूथ कार्यकर्ताओं के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया।

भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की



पुण्यतिथि को भाजपा परिवार समर्पण दिवस के रूप में मना रहा है। जिसमें नेतागण एवं कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित कर और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।भाजपा समर्पण दिवस हर साल 11 फरवरी को दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मनाती आ रही है। दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। दीनदयाल उपाध्याय एक दक्षिणपंथी भारतीय राजनीतिज्ञ और विचारक थे।

## सार्वजनिक सूचना

हरियाणा सरकार की किफ़ायती आवासीय नीति, 2013 के तहत विकसित "सिक्स्टी थ्री गोल्फ ड्राइव" प्रोजेक्ट के आवंटियों को अंतिम माँग पत्र उपरोक्त पालिसी के तहत आवंटित नीचे तालीक़ाबद्ध आवंटियों को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा कंपनी के समस्त प्रयासों के बावजूद भी उनकी इकाइयों के सापेक्ष देय किस्तों तथा ब्याज आदि का भुगतान पालिसी तथा आवंटन की शर्तों के अनुरूप नही किया गया, फलस्वरूप उनका आवंटन स्वतः ही निरस्त हो चुका है। अव इन सव आवंटियों की इकाइयों के सापेक्ष अधिभोग प्रमाणपत्र डी. टी. सी. पी. से जारी हो चुका है। अतः उनके हित, मानवता तथा क़ानूनी पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए इस नोटिस के माध्यम से उन्हें एक और अंतिम मौक़ा दिया जाता है कि वे इस नोटिस से 15 दिनों के अंदर हर हाल में अपनी-अपनी बकाया राशि का भुगतान कर अपनी इकाइयों का आवंटन बहाल करा लें।अन्यथा इन इकाइयों/ आवंटियों के सापेक्ष पॉलिसी तथा आवंटन की शर्तों के अनुरुप अग्रिम कदम उठाने के लिए कम्पनी पूर्ण रुप से स्वतंत्र होगी। जिसके हर हर्जे -खर्चे तथा जोखिम के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे।

| क्रम सं. | इकाइ सं. | ग्राहक का नाम | क्रम सं. | इकाइ सं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ए 112 | प्रेरणा चौधरी | 49 | एफ 117 | प्रिया |
| 2 | ए 121 | सुधांशु वार्ष्णेय | 50 | एफ 118 | नीरज कुमार |
| 3 | ए 143 | दीपक माथुर | 51 | एफ 24 | अनीता पाठक |
| 4 | ए 153 | इनाक्षी चौधरी | | | सह आवेदक विनोद पाठक |
| 5 | ए 41 | किन्शुकी गोयल | 52 | एफ 25 | श्रेया कृष्णा |
| 6 | ए 66 | अंशुल अग्रवाल | | | सह आवेदक हितिका फेणे |
| 7 | बी 107 | दीपक छापरवाल | 53 | एफ 36 | राहुल पाराशर |
| 8 | बी 151 | सीमा कक्कड़ | 54 | एफ 56 | राजीव जैन |
| 9 | बी 15 | जय सतनानी | 55 | एफ 86 | मदन लाल कटारिया |
| 10 | बी 16 | कल्पना त्यागी | 56 | जी 101 | मीना गुप्ता |
| 11 | बी 18 | जय कुमार | 57 | जी 108 | अंजना पांडे |
| 12 | बी 51 | दीपक गुप्ता | 58 | जी 15 | शिवम शुक्ला |
| 13 | बी 52 | फ्रैंकलिन बेंजामिन | 59 | जी 116 | आशीष कपूर |
| 14 | बी 58 | दीपक सचान | 60 | जी 25 | तनु खेरा |
| 15 | बी 67 | नीरज रावत | 61 | जी 14 | दीपक पाठक |
| 16 | बी 72 | साहिल खुराना | 62 | जी 19 | नरेन्द्र कुमार होरे |
| 17 | बी 76 | कांता शर्मा | 63 | जी 24 | मनीष यादव |
| 18 | बी 77 | शांतनु तोमर (सह आवेदक) | 64 | जी 32 | जयराज बालन |
| | | सुनीता तोमर | 65 | जी 43 | ललित मोहन |
| 19 | सी 112 | गौतम वोहरा | 66 | जी 48 | प्राइडो मिश्रा |
| 20 | सी 116 | विनोद कुमार | 67 | जी 53 | रामपाल |
| 21 | सी 36 | रीटा | 68 | जी 57 | सुधा |
| 22 | डी 101 | सैयद राहत अली | 69 | जी 71 | प्रियंका रॉय |
| 23 | डी 102 | आशीष शर्मा | 70 | जी 77 | सुदेश |
| 24 | डी 104 | प्रकाश चौरसिया | 71 | जी 85 | रविंदर कौर |
| 25 | डी 105 | सतबीर वत्स | 72 | जी 93 | यादवेन्द्र सिंह |
| 26 | डी 114 | पूनम | 73 | जी 97 | कंचन गुप्ता |
| 27 | डी 116 | सीतेश शर्मा | 74 | जी 35 | दिनेश मलिक |
| 28 | डी 121 | मैना देवी | 75 | जे 114 | सुमित खुराना |
| 29 | डी 122 | अंजलि ग्रोवर | 76 | जे 152 | प्रीती सिंह |
| 30 | डी 147 | प्रियंका | 77 | जे 15 | नरेश कुमार |
| 31 | डी 156 | आलोक गोयल | 78 | जे 17 | रुचिर बंसल |
| 32 | डी 12 | रिम्पी बंसल | 79 | जे 27 | परिचिता गुप्ता |
| 33 | डी 14 | अरुण कुमार सूद | 80 | जे 37 | महक गुप्ता |
| 34 | डी 38 | नरेन्द्र कुमार | 81 | जे 47 | अभिनव गुप्ता |
| 35 | डी 42 | अनीता गोयल | 82 | जे 48 | डेविड कुमार शर्मा |
| 36 | डी 52 | जगदीश चंदर | 83 | जे 51 | नीलिमा अधिकारी |
| 37 | डी 53 | मनीष कुमार ढींगरा | 84 | जे 54 | किरण वती |
| 38 | डी 55 | ज्योति जैन | 85 | जे 55 | अमित जगलान |
| 39 | डी 72 | मोना पुंडीर | 86 | जे 58 | बलवान सिंह |
| 40 | डी 94 | सुबोध कुमार | 87 | जे 65 | अविजीत सक्सैना |
| 41 | डी 95 | मधुर दहिया | 88 | जे 71 | रवीन्द्र कुमार |
| 42 | ई 121 | आदित्यवीर सिंह | 89 | जे 93 | मनप्रीत कौर कोहली |
| 43 | ई 123 | श्रीरंगा वल्ली कोना | 90 | जे 98 | सुजाता दास |
| 44 | ई 17 | सुमीत शर्मा | 91 | जी 81 | कपिल कुमार |
| 45 | ई 18 | रविंदर शर्मा | 92 | एफ 57 | राजेश कुमार |
| 46 | ई 27 | ललित सिंह | 93 | सी 143 | रजनी |
| 47 | ई 47 | श्याम सुन्दर सूरी | 94 | डी 112 | सोनल सूद |
| 48 | ई 71 | अमरीश कुमार | | | |

**हस्ताक्षर/ मेसर्स सनरेज हाईट्स प्राइवेट लिमिटेड**

## पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने दिया सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस

# गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा थाना, शहर बल्लभगढ़ को हरियाणा प्रदेश का बेस्ट पुलिस थाना घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के प्रत्येक राज्य व केन्द्र शासित प्रदेशों के पुलिस थानों की निर्धारित पैरामीटर पर समीक्षा करके रैंकिंग तैयार की जाती है। इसी प्रकार वर्ष 2024 की समीक्षा में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला फरीदाबाद के थाना शहर बल्लभगढ़ को हरियाणा प्रदेश का बेस्ट पुलिस थाना घोषित किया है। जिस संबंध में गृह मंत्रालय द्वारा पुलिस थाना शहर बल्लभगढ़ को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना बल्लभगढ़ को गृह मंत्रालय द्वारा हरियाणा प्रदेश का बेस्ट पुलिस स्टेशन घोषित किया है।

जिस संबंध में आज 11 फरवरी को पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने हरियाणा स्टेट लेवल रोड़ सेफ्टी क्विज कम्पटिशन 2024-25 के कार्यक्रम के दौरान पंचकुला में प्रबंधक अफसर निरीक्षक शमशेर सिंह थाना शहर बल्लभगढ़ को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस प्रदान किया है। उन्होने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा प्रदेश के 2 थाने, थाना शहर बल्लभगढ़ फरीदाबाद व थाना रतिया फतेहाबाद का नाम गृह मंत्रालय में भेजने के लिए चयनित हुआ था। जिसमें समीक्षा उपरांत मापदण्ड के अनुसार थाना शहर बल्लभगढ़ का प्रस्ताव गृह मंत्रालय में भेजा गया था। गृह मंत्रालय विभिन्न राज्यों व केन्द्र




शासित प्रदेश के द्वारा प्रस्तावित किए गए थानों की विभिन्न मापदण्ड पर समीक्षा करके विभिन्न मापदण्डों की रिपोर्ट जारी की गई। समीक्षा रिपोर्ट अनुसार थाना शहर बल्लभगढ़ ने सम्मन तामिल कराने में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा पुराने अभियोगों के निपटारे के मामले में देश में 10 वां स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने थाना शहर बल्लभगढ़ के पुलिस कर्मियों सराहना करते हुए बधाई दी है।

### गाड़ी से सामान चोरी करने के मामले में आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 कि टीम ने गाड़ी से सामान चोरी के मामले में आरोपी शिवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि थाना शहर बल्लभगढ़ में 19 जनवरी को कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन बल्लभगढ़ द्वारा दी गई शिकायत में बताया कि आरटीए फरीदाबाद ने एक गाड़ी को बंद करके बस स्टैंड बल्लभगढ़ के वर्कशाप पर बनाए गए यार्ड में गाड़ी को खड़ा किया था।

जहां से किसी अंजान व्यक्ति द्वारा गाडी की बैटरी, पानी का मीटर, टूल बॉक्स का सामान तथा मोटर की तार चोरी होने की शिकायत दी थी। जिसके संबंध में पुलिस थाना शहर बल्लभगढ़ में मामला दर्ज किया गया था।

## स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए जुटेंगे देशभर के धावक

# 16 फरवरी को होगा एकॉर्ड फरीदाबाद हॉफ मैराथन का आयोजनः चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

एकॉर्ड फरीदाबाद हॉफ मैराथन को लेकर मंगलवार को सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता, डॉ. प्रबल रॉय, डॉ. जितेंद्र कुमार, आर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार, डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. राम चंद सोनी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. युवराज कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकॉर्ड अस्पताल और एफटीसी (फरीदाबाद ट्राइथलॉन क्लब) के संयुक्त तत्वावधान में 16 फरवरी को हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन में प्रशासनिक अधिकारी भी दौड़ रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली एनसीआर के कई बड़े डॉक्टर भी भाग ले रहे हैं। मैराथन में खेल मंत्री गौरव गौतम और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि रहेंगे। इस मैराथन में शहर ही नहीं, बल्कि देशभर से धावक भाग लेंगे।




### प्रतियोगिता को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया

प्रतियोगिता को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है, ताकि हर आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के लोग इसमें शामिल हो सकें। ब्रावो वॉक एक किलोमीटर की है। इसमें उन धावकों को शामिल किया गया है जो जिनका इलाज चल रहा है। हॉफ मैराथन 21.1 किमी, जिसमें पेशेवर और अनुभवी धावकों के हिस्सा लेंगे। 10 किमी रन में शौकिया धावकों और फिटनेस उत्साही लोगों के लिए। 5 किमी फन रन में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले आम लोगों और परिवारों के लिए। 3 किमी फैमिली फिटनेस रन बच्चों और परिवार को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के लिए रखी गई है।

### स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं

वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रबल रॉय और नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि मैराथन सिर्फ दौड़ नहीं, बल्कि जीवन को सेहतमंद बनाने की दिशा में एक कदम है। न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. राम चंद सोनी ने बताया कि हम सभी लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे इस आयोजन का हिस्सा बनें और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। मेडिकल सहायता, जलपान केंद्र, रिफ्रेशमेंट जोन और वॉलेंटियर टीम को तैनात किया जाएगा, ताकि दौड़ सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मैराथन में भाग लेने के इच्छुक लोग ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या अस्पताल में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अस्पताल की आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपडेट प्राप्त किए जा सकते हैं।

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
Government of India
सत्यमेव जयते

# गतिशील भारत



₹ केन्द्रीय बजट 2025-2026

## गति निवेश में

- 36 जीवन रक्षक दवाओं की कीमत में राहत
- 1 करोड़ गिग वर्कर्स (डिलीवरी वर्कर्स एवं फ्रीलांसर्स) को स्वास्थ्य बीमा
- बेहतर शहरों के लिए ₹1 लाख करोड़ का अर्बन चैलेंज फंड
- 'उड़ान' योजना के अंतर्गत 120 नए गंतव्यों के लिए हवाई संपर्क
- अगले 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब

## गति छोटे उद्योगों में

- सभी MSME के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा में क्रमशः 2.5 गुना और 2 गुना बढ़ोतरी
- बेहतर क्रेडिट गारंटी:
  1. सूक्ष्म और लघु उद्योग: ₹5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़
  2. स्टार्टअप: ₹10 करोड़ से बढ़कर 20 करोड़
  3. अच्छी तरह से चलने वाले निर्यातक MSME: ₹20 करोड़ तक
- सूक्ष्म उद्योगों के लिए 5 लाख रुपए सीमा वाले 10 लाख क्रेडिट कार्ड
- 100 से अधिक प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण

## गति कृषि विकास में

- 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुँचाने के लिए 'प्रधानमंत्री धन धान्य योजना' के अंतर्गत 100 कम उत्पादकता वाले जिलों का चयन
- 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को KCC के माध्यम से अल्पकालिक ऋण
- किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की ऋण सीमा बढ़ाकर ₹5 लाख
- तुअर, उड़द और मसूर पर विशेष ध्यान देते हुए दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन

## गति निर्यात में

- आसान क्रेडिट और क्रॉस-बॉर्डर फैक्टरिंग में सहायता के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन
- उपयोगकर्ता के अनुकूल सीमा शुल्क प्रोटोकॉल के साथ एयर कार्गो के बुनियादी ढांचे और भंडारण में अपग्रेडेशन

## टैक्स में अधिकतम बचत

- न्यू टैक्स रेजीम में ₹12 लाख (वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए ₹12.75 लाख) तक कोई आयकर नहीं

| आय | सभी आय समूहों में भारी बचत (न्यू टैक्स रेजीम के अनुसार) |
|---|---|
| ₹12 लाख | ₹80,000 (कोई आयकर देय नहीं) |
| ₹13 लाख | ₹25,000 |
| ₹16 लाख | ₹50,000 |
| ₹18 लाख | ₹70,000 |
| ₹20 लाख | ₹90,000 |
| ₹25 लाख | ₹1,10,000 |

- वरिष्ठ नागरिकों के लिए TDS पर ब्याज सीमा दुगनी बढ़कर ₹1 लाख, और किराए की सीमा ₹2.4 से बढ़कर ₹6 लाख

CBC 15201/13/0009/2425



# कार्तिक-करण करेंगे 'आइफा अवार्डस' को होस्ट...

**जयपुर।** पहली बार जयपुर में होने जा रहे आईफा अवार्डस कई मायनों में खास है। इसमें 100 से ज्यादा बॉलीवुड के सितारे जयपुर आएंगे। 25 साल पूरे कर रहे इस शो की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड'है। शो के दोनों दिन राजस्थानी कलाकार लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस बार राजधानी जयपुर में होने वाले आइफा अवार्डस शो पर सिंगर श्रेया घोषाल फिल्म इंड्रस्टी में 25 साल पूरे करने वाले सितारों को तो करीना कपूर शोमैन राजकपूर की 100वीं जयंती पर विशेष ट्रिब्यूट देंगी। शो के पहले दिन यानी 8 मार्च को एक्टर अपारशक्ति खुराना होस्ट करेंगे। दूसरे दिन यानी 9 मार्च को मुख्य अवार्डस कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट करेंगे।

लाइफ Style



# कियारा

## दो भाषाओं में कर रहीं 'टॉक्सिक' की शूटिंग

अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में 'टॉक्सिक' से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। 'केजीएफ चैप्टर 2' के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं। 'टॉक्सिक' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म 'गेम चेंजर' में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'फैंटास्टिक फोर...' 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मंगलवार को मार्वल द्वारा फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसके बाद इसके पोस्टर को एआई जनरेटेड कहकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कई सवाल किए। हालांकि, इस फिल्म के निर्देशक ने तुरंत इसपर जवाब दिया कि अभिनेताओं की आवाज बदलने के लिए किसी भी एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



# बार्बी हसू ने डीजे कू से की थी दूसरी शादी...

**लॉस एंजिल्स।** बार्बी हसू ने 2011 में चीनी व्यवसायी वांग शियाओफेई से शादी की थी। 2021 में उनका तलाक हो गया, जिसमें धोखा देने के आरोप भी शामिल थे। बार्बी ने बाद में 2022 में दक्षिण कोरियाई गायक और गीतकार डीजे कू के साथ शादी कर ली। ताइवान की अभिनेत्री बार्बी हसू की 48 साल की उम्र में निमोनिया से मौत हो गई। बार्बी को टीवी सीरीज मेटियोर गार्डन (2001) में अभिनय के लिए जाना जाता था। वह मंदारिन भाषी दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक थीं। डीजे कू को अपना दर्द व्यक्त करने के लिए मुश्किल से शब्द मिल पाए। उन्होंने बस इतना कहा, 'मैं ठीक नहीं हूं।' जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि यह खबर फर्जी हो सकती है तो उन्होंने जवाब दिया, 'यह फर्जी खबर नहीं है।'



# वीडियो शेयर कर दिखाई महाकुंभ की झलक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी बेटी और माता-पिता संग महाकुंभ पहुंचकर पवित्र स्नान किया हैं। एक्ट्रेस ने एक क्लिप शेयर कर अपनी इस यात्रा की झलक दिखाई हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ मेले में बॉलीवुड सेलेब्स के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं। अब तक कई सितारे महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब इस लिस्ट में एक और अभिनेत्री का नाम जुड़ गया हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी अपने माता-पिता और बेटी रियाना के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। रील में एक्ट्रेस अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आ रही हैं। एक फ्रेम में उनके माता-पिता नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री को प्रार्थना करते हुए दिखाया गया हैं। एक्ट्रेस ने क्लिप में महाकुंभ का भव्य नजारा भी दिखाया हैं।



# बन रही 'सनम तेरी...' की सीक्वल...!

**नई दिल्ली।** नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। फिल्म की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू तो इतने उत्साहित है कि उन्होंने फिल्म की सीक्वल के बारे में मीडिया को बताना शुरू कर दिया है। फिल्म 'सनम तेरी कसम'की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू ने मंगलवार की सुबह ही ये कहा कि उनके पास इस फिल्म की सीक्वल की कहानी तैयार है और फिल्म के गाने वगैरह भी उनके पास रेडी हैं।

## टीवी मसाला



# 'आमी डाकिनी' में तस्वीर से बाहर निकलकर डराएगी चुड़ैल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हॉरर फिल्में इस समय बहुत पसंद की जा रही हैं। कोई भी अगर बॉलीवुड फिल्म आ रही है तो वो पहले ही हिट साबित हो जाती हैं। भूल भुलैया 3, स्त्री 2 और मुंज्या जैसी फिल्में हिट साबित हुई थीं। इन फिल्मों को देखना पसंद करते हैं। अब फिल्मों के बाद टीवी पर भी हॉरर की वापसी हो रही हैं। टीवी पर भी हॉरर शो आने वाले हैं। नए हॉरर शो का मोशन पोस्टर सामने आया है जिसे देखकर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। आहट, शश्श्श्श... जैसे कई हॉरर शोज आए थे, जिन्होंने लोगों को खूब डराया हैं। अब टीवी पर चुड़ैल डराने आ रही हैं। चुड़ैल लोगों की नींद खराब करने वाली हैं। इस हॉरर शो का नाम आमी डाकिनी हैं। आमी डाकिनी शो 24 फरवरी से सोनी टीवी पर शुरू होने जा रहा हैं। ये शो सोमवार-शुक्रवार रात 10 बजे आएगा। इस हॉरर शो के कुछ सीन्स सामने आ गए हैं जिसे देखकर कुछ लोग इसका मजाक उड़ा रहे हैं कुछ को इसका बेसब्री से इंतजार हैं। आमी डाकिनी के मोशन पोस्टर में एक महिला फोटो से बाहर निकलकर चिल्लाती नजर आ रही हैं। ये शो कोलकाता के बैकग्राउंड पर आधारित हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक शो में शीन दास लीड रोल में नजर आने वाली हैं। शो में चुड़ैल अपने पति की तलाश में वापस लौट रही हैं। इस पोस्टर को देखकर लोगों को कुछ खास मजा नहीं आ रहा हैं। इस मोशन पोस्टर को देखकर लोगों को बिल्कुल भी डर नहीं लग रहा हैं।

### एकता ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए टेलीविजन और फिल्म निर्माता एकता कपूर पहुंचीं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस यात्रा की कुछ झलकियां शेयर की हैं। वो अपनी यात्रा के दौरान अपने समय का भरपूर एंजॉय करती नजर आईं। एकता ने जो वीडियो शेयर किया उसमें टीवीएफ के संस्थापक अरुणभ कुमार भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में एकता ने संगम नदी में डुबकी लगाने के बाद की झलक शेयर की। वो बोट राइड भी एंजॉय करती नजर आईं। उन्होंने पक्षियों को दाना भी दिया। एकता ने अपने साथ के लोगों के साथ वीडियो शेयर किया। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- महाकुंभ। वो मंदिर भी गईं। उन्होंने माथे पर चंदन लगाए फोटो भी शेयर की।बता दें कि एकता कपूर इन दिनों शो नागिन 7 को लेकर चर्चा में हैं। ये शो जल्द ही शुरू होने वाला हैं। शो में लीड एक्ट्रेस कौन होगी इसे लेकर काफी कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी तरफ, एकता कपूर के प्रोडक्शन वेंचर, 'द साबरमती रिपोर्ट' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं से प्रशंसा मिली थी।



# 'परम सुंदरी' के सेट से सिद्धार्थ-जान्हवी की तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों केरल में अपनी आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म के सेट से दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर केरल के अथिरापल्ली झरने में नाव की सवारी करते नजर आए। इस दौरान जान्हवी ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि सिद्धार्थ ने नीली शर्ट और ग्रे पैंट पहनी हुई है। वहीं, कुछ अन्य तस्वीरों में सिद्धार्थ सेट पर प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में जान्हवी नाव पर बैठी हुई और हाथ में छाता पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। दिसंबर 2024 में मैडॉक फिल्म्स ने घोषणा की थी कि जान्हवी और सिद्धार्थ रोमांटिक-कॉमेडी के लिए साथ आए हैं। यह फिल्म उत्तर भारत के एक लड़के और दक्षिण भारत की एक लड़की के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म के निर्माताओं ने पिछले साल इसके रिलीज की भी घोषणा कर दी थी। उन्होंने लिखा था, 'उत्तर का स्वैग, दक्षिण की शान दो दुनियाएं आपस में टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है।



# लता मंगेशकर और आशा भोसले क्यों पहनती थीं सफेद साड़ी? बाहर निकलते ही बदल जाता था रवैया...

**नई दिल्ली।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री में लता मंगेशकर और आशा भोसले दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने बॉलीवुड को बहुत कुछ दिया। दोनों बहनें प्रोफेशनल फ्रंट पर जितनी समर्पित और सक्रिय थीं, उतना ही उनका आपसी रिश्ता मजबूत था।

आशा भोसले ने एक हालिया पॉडकास्ट में बताया कि ऐसा क्यों था कि दोनों बहनें (आशा और लता) ज्यादातर सिर्फ सफेद साड़ी पहना करती थीं? ऐसा नहीं था कि आशा भोसले और लता मंगेशकर ने अपने आउटफिट को लेकर दूसरे कलर्स ट्राय नहीं किए थे, लेकिन खासतौर पर सफेद पहनने के पीछे एक वजह थी जो उन्होंने अमृता राव और आरजे अनमोल के साथ बातचीत के दौरान बताई।

***कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से ज्यादा सूट करता है सफेद :*** आशा भोसले ने 'कपल ऑफ थिंग्स' नाम के पॉडकास्ट में बताया, 'दीदी (लता मंगेशकर) और मैं हमेशा सफेद साड़ी पहना करते थे। हमें लगा कि हमारे कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से सफेद ज्यादा सूट करता है। अगर हम कोई दूसरा रंग पहनते तो हम ज्यादा डार्क नजर आते। बाद में मैंने पिंक साड़ी पहनना शुरू किया था और दीदी मुझे तिरछी नजर से देखा करती थीं। लेकिन, फिर मैंने धीरे-धीरे पिंक के साथ दूसरे कलर्स जोड़ना शुरू कर दिया।' आशा भोसले ने बताया कि जब भी लता उनसे पब्लिक में मिलतीं तो बहुत फॉर्मल अप्रोच कायम करती थीं।

***घर में अलग और बाहर अलग होता था रवैया :*** जबकि घर में दोनों की बातचीत बहुत सामान्य और सहज होती थी। आशा भोसले ने बताया, 'दीदी घर पर बहुत नॉर्मल होती थीं। वह बाहर मुझसे बहुत शालीनता और औपचारिक लहजे में बात करती थीं, लेकिन घर पर हमारा एक अलग कनेक्शन था। हम मराठी में बात करते थे और हमारी बातचीत बहुत आम होती थी। लेकिन, जैसे ही वह घर से बाहर निकलती थीं, वो 'लता मंगेशकर' बन जाती थीं। एक लीजेंड, एक आइकॉन और हमारे आपसी समीकरणों में अचानक एक बदलाव आ जाता था।' आशा ने बताया कि गायकी को लेकर दोनों के बीच किसी तरह का रिश्ता नहीं हुआ करता था।



### गायकी के मामले में नहीं होता था कोई रिश्ता

आशा भोसले ने बताया, 'बात जब गायकी की आती थी तो हमारे बीच कोई रिश्ता नहीं था। बाहर की दुनिया में वह लता मंगेशकर हुआ करती थीं, दुनिया में उनका अपना एक स्टेटस था। घर पर हम बातें करते, लेकिन बाहर कोई अनौपचारिक बातचीत नहीं होती थी। वह अपना वो औरा कायम रखती थीं, लता मंगेशकर के तौर पर उनकी मौजूदगी, उनका स्टेटस बनाए रखती थीं।' मालूम हो कि लता मंगेशकर की आवाज ने बॉलीवुड को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया था। साल 2022 में लता मंगेशकर ने 92 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक हो गए दीवाने

# प्यार के रंग में रंगे टीवी के ये हिट सीरियल्स, वैलेंटाइन वीक पर एक बार फिर देखिए

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ही बेहतरीन रोमांटिक फिल्में नहीं बनाता है, टीवी पर भी समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक दीवाने हो गए। आज भी इन टीवी सीरियल्स की फैन फॉलोइंग हैं। वैलेंटाइन वीक पर हम आपको ऐसे ही कुछ रोमांटिक हिट टीवी सीरियल्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप अपने लव या लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं।*




### कितनी मोहब्बत है

कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। पहले सीजन में कहानी कुछ ऐसी थी कि अर्जुन (करण कुंद्रा) और आरोही (कृतिका कामरा) एक-दूसरे को प्यार करते हैं लेकिन कुछ गलतफहमियों के कारण इनके रिश्ते में दूरी आ जाती है, ये जुदा हो जाते हैं। अर्जुन को जब सच्चाई का पता चलता है तो वह चुपचाप आरोही के सपनों को पूरा करने की कोशिश करता है। इसी तरह कई उतार-चढ़ावों को पार कर आखिर में अर्जुन और आरोही मिल जाते हैं, इनकी मोहब्बत सफल हो जाती है। 2009 में आए इस सीरियल की एक अलग ही फैन फॉलोइंग बन गई थी, जो आज भी बरकरार है।

### इस प्यार को क्या नाम दूं

2011 में एक टीवी सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' दर्शकों के बीच काफी हिट हुआ। इसमें अर्णव रायजादा का किरदार एक्टर वरुण सोबती ने निभाया था। वहीं खुशी कुमारी का किरदार सनाया ईरानी ने निभाया। यह प्रेम कहानी एक छोटे शहर की लड़की खुशी और एक सख्त मिजाज बिजनेसमैन अर्णव के बीच की थी। कॉमेडी के रंग में रंगी यह प्रेम कहानी दर्शकों को काफी अच्छी लगी थी।



### मधुबाला

साल 2012 में विवियन डिसेना एक रोमांटिक सीरियल 'मधुबाला' में भी नजर आए। इसमें विवियन ने एक सुपरस्टार आरके का रोल निभाया था, जिसे एक साधारण लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन इनके रिश्ते में कई बार उतार-चढ़ाव आते हैं। इस सीरियल के बाद से ही विवियन डिसेना टीवी पर काफी पॉपुलर हो गए थे। हाल ही में वह रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' में भी नजर आए।





### प्यार की ये एक कहानी

एक वैंपायर और एक आम लड़की की कहानी को सीरियल 'प्यार की ये एक कहानी (2010)' में दिखाया गया। इसमें वैंपायर के रोल में विवियन डिसेना नजर आए थे। यह सीरियल फिल्म 'ट्वाइलाइट' से इंस्पायर था। सीरियल में आम लड़की के रोल में सुकीर्ति कांडपाल नजर आई थीं।



### दिल मिल गए

टीवी पर साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का ही आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई।

# राजगीर के बाद अब औरंगाबाद में होगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण

एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद

*सीएम नीतीश कुमार कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर सड़क ,पुल-पुलिया का निर्माण हुआ है। जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पटना पहुंचने की दूरी 5 घंटे में पूरी हो जाती है।*

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में औरंगाबाद जिले में 554 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की कुल 195 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 127.43 करोड़ रुपए की लागत से 79 योजनाओं का उद्घाटन और 426.76 करोड़ रुपए की लागत से 116 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद जिला में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण कर पुस्तकालय, मुखिया कक्ष, राजस्व कर्मचारी कार्यालय, पंचायत सचिव कक्ष आदि का जायजा लिया। ग्राम पंचायत बेढ़नी स्थित महादलित टोला का भ्रमण कर मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना अंतर्गत निर्मित पक्की गली-नली, हर घर नल का जल योजना, आवास योजना, मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने जिले में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की।

**खास बातें**
- सीएम ने दी 554 करोड़ की सौगात
- औरंगाबाद में 1503 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया है



## औरंगाबाद में 1503 ग्रामीण सड़कों का निर्माण

*मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर सड़क और पुल-पुलिया का निर्माण हुआ है। जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पटना पहुंचने में जहां पहले 6 घंटे लगते थे, वहीं अब ये दूरी 5 घंटे में पूरी हो जाती है। सीएम ने बताया कि औरंगाबाद जिले में 1503 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा चुका है।*

## रिंग रोड से आवागमन होगा सुगम

*मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान उन्होंने सिंचाई कॉलोनी, देव में प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण और मेडिकल कॉलेज के लिए चिह्नित जमीन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और बेहतर सड़क संपर्कता सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष साइट मैप के माध्यम से सूर्य कुंड से देव बाईपास (रिंग रोड) तक प्रस्तावित सड़क के निर्माण की योजना प्रस्तुत की। यह रिंग रोड देव नगर पंचायत को सीधे जोड़कर मंदिर क्षेत्र में सुगम यातायात पथ उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिंग रोड के निर्माण से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और स्थानीय निवासियों को लाभ मिलेगा।*

## योगी सरकार ने बजट से पहले खोला पिटारा

# 35 मार्गों के चौड़ीकरण को जारी किए 575.99 करोड़

यूपी के 35 मार्गों को चौड़ा करने 575.99 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है। बहराइच संतकबीर नगर, कुशीनगर, हरदोई, बागपत, मेरठ, फतेहपुर, बाराबंकी, शाहजहांपुर, कानपुर नगर व देहात, बरेली, बुलंदशहर, हापुड़, बिजनौर, प्रयागराज, फतेहगढ़, कन्नौज, गौतमबुद्ध नगर, सीतापुर, पीलीभीत, आगरा व झांसी को चौड़ा करने का प्रस्ताव है

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

शासन ने विभिन्न जिलों के 35 मार्गों को चौड़ा करने के लिए 575.99 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में इन मार्गों के लिए 112.56 करोड़ रुपए की राशि भी जारी कर दी है। हालांकि, इन मार्गों के चौड़ीकरण का कार्य अब नए वित्तीय वर्ष में ही शुरू हो पाएगा, क्योंकि टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने में ही लोक निर्माण विभाग को कम से कम 45 से 50 दिन लगेंगे।

लोक निर्माण विभाग द्वारा बहराइच, संतकबीर नगर, कुशीनगर, हरदोई, बागपत, मेरठ, फतेहपुर, बाराबंकी, शाहजहांपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बरेली, बुलंदशहर, हापुड़, बिजनौर, प्रयागराज, फतेहगढ़, कन्नौज, गौतमबुद्ध नगर, सीतापुर, पीलीभीत, आगरा व झांसी के 35 मार्गों को चौड़ा करने का प्रस्ताव कार्ययोजना में शामिल किया गया था, जिसे अब स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग चालू वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना तैयार करने में छह माह लेट हो गया था। इसके चलते जो कार्ययोजना अप्रैल माह में शासन को भेज दी जानी चाहिए थी, उसे अक्टूबर माह में भेजा गया था। इसे लेकर विभागीय मंत्री होने के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी। फिलहाल, कार्ययोजना में देरी का असर चालू वित्तीय वर्ष में होने वाले कार्यों पर पड़ रहा है। जिन कार्यों पर अभी तक काम शुरू हो जाना चाहिए, उनकी स्वीकृति में देरी के चलते अगले वित्तीय वर्ष में कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

**खास बातें**
- टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने में लगेंगे 45 से 50 दिन
- कार्ययोजना अप्रैल के बजाय अक्टूबर माह में भेजा गया



### जौनपुर में 23 करोड़ की लागत से सड़क का होगा चौड़ीकरण

जौनपुर में हाइवे 731 (मिश्रौली) सिंगरामऊ से रतासी-तियरा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए शासन स्तर पर पांच करोड़, 62 लाख रुपये स्वीकृत हो गया है। अब शीघ्र ही इस सड़क मार्ग का निर्माण शुरू कराया जाएगा। क्षेत्र की बहु प्रतीक्षित नेशनल हाइवे 731 सिंगरामऊ (मिश्रौली) से निकलकर रतासी चौराहे से तियरा बाजार को जोड़ने वाले सड़क के चौड़ीकरण के लिए विधायक बदलापुर लंबे समय से प्रयासरत थे। इस कार्य पर 23 करोड़, तीन लाख रुपये खर्च होने हैं।

### शासन ने जारी की पहली किस्त

अब शासन स्तर पर निर्माण शुरू कराने के लिए पांच करोड़, 62 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है। यह सड़क मार्ग लगभग चार दशक से उपेक्षित पड़ा हुआ था, जिससे लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस मार्ग से लगभग सैकड़ों वाहनों का प्रतिदिन आवागमन होता है। मार्ग की कुल दूरी लगभग 11 किमी है।

## मथुरा में स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु ने रचा सजा कराने का इतिहास

मथुरा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की संतुति पर उत्तर प्रदेश शासन की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन द्वारा नियुक्त मथुरा में पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट द्वारा अपने सवा चार साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक निर्णय कराकर देश की पहली सरकारी अधिवक्ता के वन गई है। एडवोकेट अलका ने अपने सवा चार साल के कार्यकाल के अंदर ऐतिहासिक निर्णय कराए है। इसके लिए उन्हें उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख गृह सचिव एवं डीजीपी द्वारा पुलिस मेडल एवं प्रशस्ति पत्र तथा अभियोजन विभाग के डीजीपी, एवं कमिश्नर अपर पुलिस महानिदेशक डीआईजी डी एम द्वारा प्रशस्ति पत्र भी देकर उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा भी की है। यही नहीं उन्हें लगातार दो बार से गणतंत्र दिवस की परेड में सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया है वहीं जिले की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी द्वारा भी प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्य की प्रशंसा की गई है।



**मेकॉन लिमिटेड**
(भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
मुख्यालय: डोरंडा, रांची- 834002;
फोन: 0651-2483000
सीआईएन नं.: U74140JH1973GO1001199
**रोजगार अधिसूचना**
मेकॉन लिमिटेड को नियमित वेतनमान में विभिन्न पदों के लिए अनुभवी मानव संसाधन पेशेवरों की आवश्यकता है (विज्ञापन संख्या 11.73.4.3/2025/Reg/01 दिनांक 08/01/2025)।
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के लिंक "careers" पर जाएँ।
नोटः इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र / संशोधन हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के "careers" में अपलोड किया जाएगा।
CBC 40110/12/0003/2425

हरिभूमि TV सच के साथ 5 लाख YouTube Subscribers
YouTube विशेष


Scan with Google Lens
हरिभूमि TV पर विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें 7404443155

**AAR SHYAM INDIA INVESTMENT COMPANY LIMITED**
Regd Office: Space No.920, Kirti Shikhar Building, District Centre, Janak Puri B-1,West Delhi New Delhi-110058
CIN : L67120DL1983PLC015266, Tel:011-45626909, Email ID: info@aarshyam.in, Website: www.aarshyam.in
UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER 2024
Figures in Lakhs (Rs.)

| Particulars | STANDALONE | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Three Months Ended | | | Nine Months Ended | | Year ended |
| | 31-12-2024 | 30-09-2024 | 31-12-2023 | 31-12-2024 | 31-12-2023 | 31-03-2024 |
| | (Unaudited) | | | (Unaudited) | | (Audited) |
| Total income from operations (net) | 7.25 | 7.09 | 7.09 | 21.36 | (17.10) | 27.71 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | 0.40 | (0.86) | 2.33 | (1.79) | (37.42) | (38.51) |
| Net Profit / (Loss) for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 0.40 | (0.86) | 2.33 | (1.79) | (37.42) | (38.51) |
| Net Profit / (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 0.40 | (0.86) | 2.33 | (1.79) | (37.42) | (38.51) |
| Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) ) | 0.40 | (0.86) | 2.33 | (1.79) | (37.22) | (38.32) |
| Equity Share Capital | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 70.64 | 70.64 | 111.17 | 70.64 | 111.17 | 70.64 |
| Earnings Per equity Share( of Rs.10/each) (for continuing and discontinuing operations) | | | | | | |
| (a) Basic: | 0.01 | (0.03) | 0.08 | (0.06) | (1.25) | (1.28) |
| (b) Diluted: | 0.01 | (0.03) | 0.08 | (0.06) | (1.25) | (1.28) |

Notes:
1. Above results were reviewed by Audit Committee and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on Monday, February 10, 2025. The Statutory Auditors of the Company have carried out a limited review of the result for the quarter and nine months ended December 31, 2024.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarter and Nine Months ended Standalone Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Nine Months Ended Unaudited standalone are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and Company's website www.aarshyam.in

Date : February 11, 2025
Place : New Delhi

for Aar Shyam India Investment Company Limited
Sd/-
Sanyam Tuteja
Whole Time Director
DIN: 08139915

## पेज एक का शेष

### माघ पूर्णिमा पर...

संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुंभ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। रेलवे ने 9 फरवरी को लगभग 330 ट्रेनों ने 12.5 लाख तीर्थयात्रियों को पहुंचाया, 10 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक 130 और ट्रेनें चलाई गईं

### अंबानी परिवार की...

बेटियों के साथ महाकुंभ में शामिल होने के लिए त्रिवेणी संगम पहुंचीं व डुबकी लगाई।

### वैश्विक प्रयासों से ...

रात अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत पेरिस पहुंचे प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजन की सह-अध्यक्षता की।

### प्रौद्योगिकी के कारण ...

के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी के विचारों की तारीफ करता हूं। साथ ही मुझे पूरा विश्वास है कि एआई किसी भी काम को आसान बनाने और इंसानों को ज्यादा प्रोडक्टिव बनाएगा। न की यह इंसानों की जगह लेगा।

### तेजी से हासिल होंगे ...

सकती है। जिसमें सतत विकास लक्ष्यों को तेजी और आसानी से हासिल किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए हमें संसाधनों और प्रतिभाओं को एक साथ लाना होगा। हमें ओपन सोर्स प्रणाली विकसित करनी होगी। जिससे पारदर्शिता और विश्वास बढ़ सके। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्ता वाले डेटा सेट बनाने होंगे। प्रौद्योगिकी को सबके लिए सुलभ करना चाहिए और जन केंद्रित एप्लीकेशन बनाना चाहिए। साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीप फेक से जुड़ी चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता पर भी पीएम मोदी ने जोर दिया और कहा कि हमें ये भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी स्थानीय प्रणाली में निहित हो ताकि ये प्रभावी और उपयोगी हो सके।

### पूर्वाग्रहों पर ...

उदाहरण देते हुए कहा कि एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है। लेकिन इसमें कई पूर्वाग्रह भी हैं, जिनके बारे में हमें सावधानी से सोचने की जरूरत है।

### अनुभव साझा ...

को सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराया जाता है। पीएम ने कहा कि भारत ये सुनिश्चित करने के लिए अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए तैयार है कि एआई का भविष्य अच्छे के लिए और सभी के लिए हो।

### हरित ऊर्जा से बढ़ेगा ...

एक बेहतर और जिम्मेदार भविष्य को आकार देने के लिए स्थिरता से नवाचार की ओर एक स्वाभाविक प्रगति है। सतत एआई का उपयोग करने का अर्थ केवल स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करना नहीं है। एआई को मॉडल आकार, डेटा आवश्यकताओं और संसाधन जरूरतों में भी कुशल और टिकाऊ होने चाहिए। भारत ने बहुत कम लागत पर 1.4 अरब से अधिक लोगों के लिए सफलतापूर्वक एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण किया है। ये एक खुले हुए और सुलभ नेटवर्क के आसपास बनाया गया है। इसमें नियम हैं। भारत ने डेटा सशक्तिकरण और संरक्षण वास्तुकला के माध्यम से डेटा की शक्ति को उजागर किया है।

### द्विपक्षीय भागीदारी ...

विषय भी वार्ता में शामिल रहा। मंत्रालय ने बताया कि बैठक में पीएम मोदी और राष्ट्रपति कारिस ने दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों (व्यापार-निवेश, आईटी एंड डिजिटल, पर्यटन ,संस्कृति और लोगों का लोगों से संबंध) में बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग को लेकर भी संतोष जाहिर किया। इसके अलावा साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में जारी आपसी सहयोग के मुद्दे पर भी बातचीत की। पेरिस में पीएम मोदी और राष्ट्रपति कारिस के बीच यह पहली मुलाकात हुई है। पेरिस में एआई सम्मेलन और द्विपक्षीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ मार्सिले के लिए रवाना हो गए। जहां दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी।

### विकास यात्रा में...

राष्ट्रपति कारिस ने भारत और एस्टोनिया के बीच बढ़ते सांस्कृतिक और लोगों के संबंधों को लेकर संतुष्टि प्रकट की। प्रधानमंत्री ने एस्टोनिया में बढ़ती योग की लोकप्रियता की सराहना की।

### इधर सदन में ...

सिंधु घाटी सभ्यता, मोहन जोदडो, बादशाह अकबर, शिवा जी राव, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने के समय की चित्र, श्रीकृष्ण कुरुक्षेत्र में अर्जुन को युद्ध मंत्र देते हुए चित्र, भगवान बुद्ध, महावीर जैसे कई महापुरुषों और इतिहास की कृतियां थीं, लेकिन आज जो संविधान विभिन्न जगहों पर उपलबध है उनमें ऐसे कोई कृति दिखायी नहीं देती। इसे अविलंब सुधार की मांग केंद्र सरकार से करता हूं।

इस पर कडी प्रतिक्रिया दर्ज करते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि ये बाबा साहेब का अपमान करने की कोशिश है। जो संविधान उन्होंने दिया उसमें संशोधन की मांग करना ठीक नहीं। उनके इस बात पर सदन में हंगामा मच गया। सभापति जगदीप धनखड जैसे पूरी तैयारी से आंसदी पर थे। उन्होंने तमाम धारायें और संसदीय नियमों की दुहाई देते हुए कहा कि संविधान में किसी तरह का संशोधन करने का अधिकार केवल संसद को है। जूडिशरी को भी संविधान संशोधन में दखल देने का अधिकार नहीं। ऐसे में वो कृतियां जिनका पांच हजार साल पुराना इतिहास है, संविधान की मूल प्रति में शामिल थी, उन्हें शामिल होना ही चाहिए। उन्होंने आसंदी से सदन के नेता जगतप्रकाश नड्डा को निर्देश दिया कि संविधान का मूल स्वरूप वापिस लाया जाए। जो भी प्रकाशक मूल स्वरूप से इतर संविधान की प्रति छापेगा उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। सभापति पर आरोप लगते रहे कि उन्होंने विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया। सभापति ने कहा कि इस विषय पर राजनीति नहीं करने दी जाएगी। थोडी ही देर बाद राधामोहन अग्रवाल पुनः अपनी सीट से उठे, सदन के नेता जगतप्रकाश नड्डा का धन्यवाद देते हुए कहा, सभापति जी मैं नड्डा जी का धन्यवाद देना चाहता हूं। सदन में मामला उठने के बाद ऑनलाइन संविधान की मूल प्रति, मूल स्वरूप में उपल्बध हो गई है। इस पर सभापति मंद मंद मुस्काये, बोला, कमाल हो गया, करे कोई। उनका आशय ये था कि आसंदी से दिये गये उनके निर्देश का पालन हुआ तो धन्यवाद तो उनको मिलना चाहिए! भारी हंगामें के बीच उठे इस विषय का अंत हल्केफुल्के अंदाज में कुछ इस तरह हुआ।

### दिल्ली में हुई ...

बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के लोगों ने बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की कोर ग्रुप की बैठक में मेयर और चेयरमैन के नामों पर विस्तृत रूप से चर्चा करने के बाद प्रत्याशियों के नामों का फाइनल पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा गया है जिस पर जल्द ही निर्णय लेने के बाद नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में नगर निकाय चुनाव में बीजेपी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि चुनाव चाहे छोटा हो या बड़ा भाजपा चुनाव को लेकर हमेशा गंभीर रहती है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर चुनाव को गंभीरता से लड़ता है। बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी में भी पार्टी कार्यकर्ता जी-जान से लगे हुए हैं और भाजपा चुनाव में अपना परचम लहराएगी।

### रक्षा मंत्री ने वैश्विक...

लागू की है। जो कि आधुनिक भूमि, समुद्री और वायु प्रणालियों की एक समूची श्रृंखला के निवेश और उत्पादन को प्रोत्साहित करती है। बताते चलें कि इस सम्मेलन में दुनिया के कुल करीब 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### विघटनकारी प्रौद्योगिकियों ...

क्वांटम तकनीक और हाइपरसोनिक जैसी विध्वंसक प्रौद्योगिकियां युद्ध के चरित्र को बदलने के साथ ही नई कमजोरियां पैदा कर रही हैं। इन तमाम बदलावों का भविष्य के युद्ध पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और जरूरी क्षमताओं का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ेगा।

### आईओआर से परे ...

हैं। समुद्री डकैती, आतंकवाद, अवैध व अनियमित मछली पकड़ने जैसे गैर-पारंपरिक खतरों से निपटने के लिए भारत के प्रयास वैश्विक सहयोग का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता आईओआर से परे है। यह समानता, विश्वास, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुपालन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत लेनदेन संबंधों और समाधान थोपने के पक्ष में नहीं है। हमारा मत साझेदार देशों की संप्रभुता और पारस्परिक क्षमता निर्माण, समृद्धि और सुरक्षा पर जोर देने पर आधारित है। रक्षा मंत्री ने न्यायसंगत साझेदारों को ही रक्षा सहयोग की नींव बताया।

### निवेश और निर्यात ...

में सबसे पिछड़े 100 जिलों में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। बजट पर चर्चा का जवाब देते हए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2014 से पहले 45 प्रतिशत घरों में एलपीजी कनेक्शन या स्वच्छ ईंधन नहीं था। अब करीब 32 करोड़ घरों तक, यानी करीब 100 प्रतिशत घरों तक खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन उपलब्ध है। 10 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को 503 रु में एलपीजी सिलेंडर मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में विश्व का परिदृश्य 180 डिग्री बदल गया है। सीतारमण ने कहा,मैं बहुत आभारी हूँ कि सदस्यों ने बजट के विवरण में जाने का विकल्प चुना है। यह बजट बहुत अनिश्चितताओं के समय आया है, और वैश्विक वृहद आर्थिक परिवेश में परिवर्तन इसे चुनौतीपूर्ण बनाता है। इसलिए, यदि ऐसी चुनौतियां हैं, जिनके कारण बजट की तैयारी में वास्तव में बहुत अधिक अनिश्चितताएं हैं, तो मुझे कम से कम सम्मानित सदन के सामने यह रखना होगा कि ऐसे मुद्दे हैं जो वैश्विक चिंता के हैं, जिनका हमारे अपने बजट निर्माण पर भी प्रभाव पड़ता है। वित्त मंत्री ने कहा, सरकार आगामी वर्ष (2025-26) में प्रभावी पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए लगभग 99 प्रतिशत उधार संसाधनों का उपयोग करने का इरादा रखती है। वर्ष 2025-26 में क्षेत्रीय परिव्यय में कृषि को 1.71 लाख करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास को 2.67 लाख करोड़ रुपये, शहरी विकास और परिवहन को 6.45 लाख करोड़ रुपये, स्वास्थ्य और शिक्षा को 2.27 लाख करोड़ रुपये, रक्षा (जिसमें रक्षा पेंशन शामिल नहीं है) को 4.92 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। मैं सिर्फ इस तथ्य को उजागर करना चाहती हूं कि किसी भी पूंजीगत व्यय खाते में पैसा देने से इनकार नहीं किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि मध्य पूर्व में वैश्विक संघर्ष जारी है, रूस-यूक्रेन युद्ध जारी है, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में स्थिरता और उभरते बाजारों में स्थिर मुद्रास्फीति सभी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में माहौल को खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास आदर्श रूप से ऐसी स्थिति है जो मुक्त व्यापार को प्रोत्साहित करेगी, हम कोई प्रतिबंध नहीं देख रहे हैं, जहां हम वैश्वीकरण के लिए बहुत दृढ़ता से वचनबद्ध हैं, हम बहुत अधिक विखंडन देख रहे हैं, जहां हमें राजकोषीय विवेक की आवश्यकता है, हम बढ़ते कर्ज देख रहे हैं। वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि 2025-26 के लिए प्रभावी पूंजीगत व्यय का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत है और राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद 4.4 प्रतिशत है। यह दर्शाता है कि सरकार प्रभावी पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए ऋण संसाधनों का तर्कसंगत उपयोग कर रही है।

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 2024_HBC_412509_1/13/GE-50/2024-25DATED21.11.2024 | निविदा के बंद होने की तिथि 10.02.2025 थी। प्रतिभोगियों के लिए चैक की गई और केवल एक बोलीदाता पाया गया तथा आचार संहिता का क्रियान्वयन, इसलिए बंद होने की तिथि एतद द्वारा 24.02.2025 को 10:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और खुलने की तिथि 25.02.2025 को 11:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 2025_HBC_425680_1/15/GE-50/2024-25DATED23.01.2025 | निविदा के लिए बोली जमा की अन्तिम तिथि 10.02.2025 थी। अब आचार संहिता के टीओएमसी निर्वाचन क्रियान्वयन की वजह से खुलने की तिथि 25.02.2025 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO.56/CWD-2/VOL- XVIII/HVPN/ 2024-25 DATED:- 07/01/2025(ONLINE TENDERID NO. 2025_HBC_422238_1) | बोली खुलने की तिथि 10.02.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 20.02.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | 2025A24413F7C255443499F4 23B9FF4073521056HVP/ 2025_HBC_422637_1/E-TENDER ENQUIRY NO. 0108202517-32- 45/ HVPNL DEPT/HRY. DATED 08.01.2025 | शुद्धिपत्र सं. 02, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 13.03.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | 20254F64A65299074EC8 B7F1 620EA2287B5F1056HVP/ 2025_HBC_422609_1/E-TENDER ENQUIRY NO. 30/CWR/2024-25 DATED 08.01.2025 | शुद्धिपत्र सं. 02, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 13.03.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/100/32354/I/88/7 दि. 11.02.25

**आईएसटी लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : धारूहेड़ा इंडस्ट्रीयल कॉम्पलैक्स, दिल्ली जयपुर हाईवे नं. 8, कापड़ीवास, धारूहेड़ा, रेवाड़ी (हरियाणा)-123106
मुख्य कार्यालय : ए-23, न्यू ऑफिस कॉम्पलैक्स, द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024
CIN: L33301HR1976PLC008316, Phone No.: 011-41044511-14; Fax: 011-24625694; Email:istgroup.ho@gmail.com; Website: www.istindia.com
**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**
(आंकड़े लाखों में यदि अन्यथा वर्णित हैं)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 30.09.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 30.09.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1 | कुल आय | 1895.68 | 2093.28 | 1758.05 | 5572.98 | 4698.14 | 6142.00 | 4165.32 | 6993.96 | 5776.62 | 19001.07 | 16030.53 | 20495.04 |
| 2 | असाधारण मदों और कर से पूर्व शुद्ध लाभ | 1308.69 | 1276.68 | 1172.86 | 3626.31 | 3090.46 | 3936.15 | 3093.39 | 5610.31 | 4781.84 | 15587.77 | 13513.61 | 16897.28 |
| 3 | कर से पूर्व असाधारण मदों के बाद शुद्ध लाभ | 1308.69 | 1276.68 | 1172.86 | 3626.31 | 3090.46 | 3936.15 | 3093.39 | 5610.31 | 4781.84 | 15587.77 | 13513.61 | 16897.28 |
| 4 | कर के बाद शुद्ध लाभ | 1115.96 | 1357.47 | 914.63 | 3286.80 | 2440.73 | 3105.85 | 2324.53 | 4684.89 | 3215.51 | 12288.61 | 10111.41 | 12560.18 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर का शुद्ध) | 1115.95 | 1357.46 | 915.11 | 3286.77 | 2442.14 | 3105.81 | 3191.37 | 5957.50 | 5887.64 | 15283.83 | 16395.24 | 20298.16 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 5/- प्रति शेयर) | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 |
| 7 | अन्य इक्विटी | - | - | - | - | - | 24,006.56 | - | - | - | - | - | 1,30,656.47 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 5/- प्रति शेयर) | | | | | | | | | | | | |
| | - बेसिक (रु.) | 9.57 | 11.64 | 7.84 | 28.18 | 20.92 | 26.63 | 19.98 | 40.40 | 27.66 | 105.59 | 86.93 | 108.04 |
| | - डायल्युटेड (रु.) | 9.57 | 11.64 | 7.84 | 28.18 | 20.92 | 26.63 | 19.98 | 40.40 | 27.66 | 105.59 | 86.93 | 108.04 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई लि.) के पास दायर किये गये 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.istindia.com पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 10 फरवरी 2025

बोर्ड के आदेशानुसार कृते आईएसटी लिमिटेड
हस्ता/-
(एस.सी. जैन)
कार्यकारी निदेशक
डीआईएन : 00092079

## चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ से भारत को रहना होगा सतर्क

दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। उनके इन फैसलों का अमेरिका ही नहीं, पूरी दुनिया पर असर पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की यात्रा पर हैं। 14 फरवरी को वे अमेरिका पहुंचने वाले हैं। इससे दो दिन पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील पर 25 और एल्युमिनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इसका असर भारत पर भी होगा। भारत भी अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम बेचता है, लेकिन हमारी हिस्सेदारी काफी कम है। स्टील के मामले में महज 6 और एल्युमिनियम में 2 फीसदी के आसपास है। अमेरिका अगर भारत को टैरिफ से छूट नहीं देता तो अमेरिकी बाजार में भारतीय मेटल कंपनियों की प्रतिस्पर्धा घट सकती है। साथ ही, भारतीय बाजार चीन के सस्ते स्टील और एल्युमिनियम से पट भी सकता है। चीन पहले भारतीय बाजार में काफी स्टील डंप कर रहा है। इसका सीधा असर हमारे व्यापार खाटे पर पड़ता है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। वहां पर उनकी ट्रंप के साथ भी मुलाकात होगी। ऐसे में भारत की मेटल इंडस्ट्री को उम्मीद है कि ट्रंप भारत के स्टील और एल्युमिनियम एक्सपोर्ट को रियायत दे सकते हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में भी भारत को छूट दी थी। अगर भारत को रियायत मिलती है, तो यहां से अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का एक्सपोर्ट बढ़ सकता है, जो भारतीय इकोनॉमी के लिए भारी बूस्टर साबित होगा, लेकिन यह अभी भविष्य के गर्भ में है कि अमेरिका क्या कदम उठाता है। ऐसा भी नहीं है कि अमेरिका ने ऐसा ट्रैरिफ पहली बार लगाया हो। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी स्टील और एल्युमिनियम पर इंपोर्ट टैरिफ लगा दिया था, जिससे इन धातुओं की कीमतों में तेज उछाल आया था। इससे अमेरिका को काफी नुकसान भी हुआ था। अमेरिकी कंपनियों के लिए उत्पादन की लागत बढ़ गई थी, जो स्टील और एल्युमिनियम खरीदते थे और उनका उपयोग अपने उत्पाद बनाने में करते थे। असल में ट्रंप अपनी अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के तहत लोकल प्रोडक्शन और रोजगार को बढ़ावा देना चाहते हैं। यही वजह है कि उन्होंने इंपोर्ट पर टैरिफ लगाया है। इसके नुकसान भी हैं। कई आर्थिक जानकारों का मानना है कि टैरिफ लगाने से अमेरिका में स्टील और एल्युमिनियम महंगा हो जाएगा। इसकी कीमत आखिर में अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं को ही चुकानी होगी। वहीं टैरिफ बढ़ने से अमेरिकी सहयोगियों पर बुरा असर पड़ेगा। कनाडा, अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का सबसे बड़ा सप्लायर है। मैक्सिको स्टील का तीसरा सबसे बड़ा सप्लायर है। जापान और दक्षिण कोरिया भी अमेरिका को स्टील एक्सपोर्ट करने वाले प्रमुख देश हैं। टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका के कई करीबी देश नाराज हो सकते हैं और बदले में इसी तरह का कदम उठा सकते हैं। कनाडा ने तो इसकी धमकी भी दे रखी है। असल में अमेरिका के निशाने पर चीन है। उसे ग्लोबल स्टील इंडस्ट्री की समस्याओं की जड़ माना जाता है। उसने भारी उत्पादन करके दुनियाभर के बाजारों को सस्ते स्टील से पाट रखा है। इससे कीमतें जमीन पर आ गई हैं और अमेरिका के साथ अन्य देशों में स्टील निर्माताओं को नुकसान हुआ है। अब अमेरिका ने ट्रैरिफ लगाया है तो वो अन्य देशों में अपने उत्पाद को डंप करेगा। खासकर भारत को इसे लेकर सतर्क रहना होगा, क्योंकि चीन के साथ पहले से ही हमारा व्यापार घाटा गंभीर अवस्था में है।



विमर्श
विकेश कुमार बडोला

# अमेरिकी यात्रा के अनुभव होंगे महत्त्वपूर्ण

> ट्रंप द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी शासन का कार्यभार संभालने के बाद यह किसी भी प्रसिद्ध, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अग्रणी देश के प्रधान की प्रथम अमेरिकी यात्रा है। यह एक महत्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगी, इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। मोदी की इस यात्रा के बाद वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में एक नवीनता देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ विषयों पर ट्रंप को पूर्ववर्ती बाइडेन की तरह अपने अनुसार साध पाना मोदी के लिए असंभव होगा, किंतु विचारणीय यह है कि ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चुनाव पूर्व की उन्हीं घोषणाओं व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं, जिनको पूर्ण करने के लिए उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहले फ्रांस पहुंच चुके हैं। यहां दो दिन रुकने के बाद वे अगले दो दिनों के लिए अमेरिका जाएंगे। फ्रांस की यात्रा 'एआई एक्शन समिट' में उनके सह-अध्यक्ष की भूमिका के निर्वहन के लिए हो रही है। इस सम्मेलन में वे विश्व के नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओज को संबोधित करेंगे। प्रौद्योगिकी के नवोन्नत रूप-स्वरूप आर्टिफीशियल इंटेलिजेंसी अर्थात कृत्रिम बौद्धिकता के आधार पर वैश्विक कार्यों के निस्तारण की दिशा में हुई प्रगति द्वारा जहां एक ओर वैश्विक सुविधा संपन्नता में वृद्धि हुई है, तो वहीं कृत्रिम बौद्धिकता पर समग्र गतिविधियों की निर्भरता के कारण यह चुनौतीपूर्ण समस्या के रूप में उभरी है। कुछेक वर्षों से इसी समस्या, बाधा और जटिलता के निवारण हेतु 'एआई एक्शन समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इस बार इसका आयोजनकर्ता देश फ्रांस है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ मोदी द्विपक्षीय व्यापार, अर्थव्यवस्था तथा अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर भी '2047 होराइजन रोडमैप' के अंतर्गत दोनों देशों की कार्यनीतिक साझीदारी की समीक्षा बैठक करेंगे। इस यात्रा में प्रधानमंत्री फ्रांस में भारत के प्रथम वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन भी करेंगे। वे अंतरराष्ट्रीय तापन नाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का निरीक्षण भी करेंगे। इसके अतिरिक्त वे प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्धों में बलिदान हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के उद्देश्य से 'मजरग्यूज वार सिमेट्री' भी जाएंगे।

इसके बाद मोदी की महत्त्वपूर्ण अमेरिकी यात्रा प्रारंभ होगी। जनवरी में ट्रंप द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी शासन का कार्यभार संभालने के बाद यह किसी भी प्रसिद्ध, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अग्रणी देश के प्रधान की प्रथम अमेरिकी यात्रा है। यह एक महत्त्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगी, इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। मोदी की इस यात्रा के बाद वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में एक नवीनता देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ विषयों पर ट्रंप को पूर्ववर्ती बाइडेन की तरह अपने अनुसार साध पाना मोदी के लिए असंभव होगा, किंतु विचारणीय यह है कि ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपने दल की चुनाव पूर्व की उन्हीं घोषणाओं व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं, जिनको पूर्ण करने के लिए उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था। यह दुनिया के सभी देशों के नेताओं के लिए एक प्रेरणादायी बात भी है कि वे जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने की दिशा में ही कार्य करें। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति का वादा पूरा करने का अभियान दुनिया की राजनीति में बड़ी हलचल मचाये हुए है। जहां तक भारत और अमेरिका के आर्थिक-व्यापारिक संबंधों की बात है, तो ट्रंप द्वारा शुल्क वृद्धि नीति को क्रियान्वित किए जाने के बाद इनमें भारत के पक्ष में हानि का गणित बनता दिख रहा है। इसमें संदेह है कि ट्रंप अपने समकक्ष मोदी से पुरानी मित्रता के आलोक में भारत के साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को पहले की तरह बनाए रखने के लिए प्रेरित होंगे। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर निकाले जाने के बिंदु पर भी भारत की ओर से आपत्ति प्रकट किए जाने का कोई औचित्य नहीं होगा, क्योंकि अमेरिका ही नहीं बल्कि यह किसी भी देश का अपना



निर्णय, अपनी नीति और अपना अधिकार है कि वह अपने यहां अवैध ढंग से रह रहे लोगों को बाहर निकाले। इस संदर्भ में तो भारत को अमेरिका से प्रेरणा लेनी चाहिए और बांग्लादेशी व म्यामारी घुसपैठियों को बाहर करने का बड़ा अभियान चलाना चाहिए। भारत-अमेरिका के मध्य विभिन्न क्षेत्रों में जो बहुमुखी संबंध हैं, निश्चित रूप में मोदी की इस यात्रा की समयावधि में उनमें सुव्यवस्था स्थापित होने की आशा है। शुल्क, व्यापार, अवैध आव्रजन, अमेरिका के विरोध में ब्रिक्स जैसी गुटसापेक्षता, इत्यादि विषयों पर ट्रंप अपनी नवनीतियों में मोदी के साथ मित्रता के आधार पर परिवर्तन नहीं करेंगे। मोदी को इस बिंदु का ध्यान रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को शक्तिशाली बनाने की दिशा में कुछ अनचाहे समझौते भी करने ही होंगे। इनमें पहला यही कि अमेरिकी शुल्क वृद्धिकारी नीतियों का कुछ समय के लिए पालन किया जाए और अवैध आव्रजन जैसे विषय पर अमेरिका का सहयोग करते हुए सभी अवैध भारतीय नागरिकों को अमेरिका से वापस बुला लिया जाए। इससे भारत के विरुद्ध अमेरिकी शुल्क वृद्धि नीति में कुछ सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। यह सुनिश्चित है कि मोदी इस यात्रा के बाद अमेरिका से किसी न किसी भारतीय हित की नीति को संवर्द्धन करके वापस लौटेंगे, किंतु इसके लिए ट्रंप प्रशासन की कुछ शर्तें भी होंगी, जिनका भारत को अनुसरण करना होगा। यदि अंतरराष्ट्रीय विषयों के संदर्भ में ट्रंप-मोदी की भेंट का निष्कर्ष निकालें तो इसके दुनिया के हित में दूरगामी कार्यबिंदु उभरते हुए दिखाई दे रहे हैं। दक्षिण एशिया में भारत की स्वायत्तताओं के लिए ट्रंप अपने पहले कार्यकाल की ही भांति उदार होंगे। हो सकता है कि आगामी कुछ दिनों में बांग्लादेश में अपदस्थ राष्ट्रपति शेख हसीना का पुनः सत्तारूढ़ होने का मार्ग प्रशस्त हो जाए या वहां पर आम चुनाव का वातावरण बन जाए और उसमें हसीना विजयी होकर वापस सत्ता प्राप्त कर लें। यदि ऐसा होता है, तो इस सत्ता के सकारात्मक संचालक के रूप में भारत व अमेरिका ही गोपनीय भूमिका में होंगे। पिछली बार ट्रंप जब सत्ता में थे तो उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सभा, यूनिसेफ, मानवाधिकार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, इत्यादि यूरोपीय देशों के प्रभाव वाली संस्थाओं के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों और नीतियों को दुनिया के स्वायत्त देशों के लिए आत्मघाती घोषित कर इनमें अमेरिकी योगदान को नगण्य स्तर तक सीमित कर दिया था। यूनिसेफ तो अमेरिका से अलग भी हो गया था।

देखा-देखी इजरायल ने भी इस प्रकरण में यूनिसेफ की सदस्यता त्याग दी। इस बार ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के अनुषंगी तंत्र अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन से स्वयं को अलग कर दिया। इजरायल ने भी तुरंत इस संगठन की सदस्यता त्याग दी। इस संदर्भ में भारत को अमेरिका और इजरायल का आंतरिक दृष्टिकोण जानना-समझना होगा कि क्यों वे बाह्य रूप में जगभलाई के हेतु दिखाई देने वाले ऐसे तंत्रों व संगठनों का परित्याग कर रहे हैं, जो वास्तविकता में मध्य यूरोप, अफ्रीका, मध्य एशिया और दक्षिण-पश्चिम एशिया के मुसलिम बहुल देशों में मानवाधिकार के अंतर्गत मुद्रा से लेकर खाद्य सुरक्षा पहुंचा रहे हैं और बदले में ऐसे देशों के लोग अराजक, आतंकी और अवैध नागरिक बनकर विकसित व सभ्य देशों के सार्वजनिक जीवन को अशोभनीय और असुरक्षित बना रहे हैं। यह सच है कि भारत में बांग्लादेशी, म्यांमारी तथा अन्य देशों के अवैध नागरिकों द्वारा ऐसी ही नकारात्मक परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही हैं। इस आधार पर ये लोग किसी भी दृष्टि से मानवाधिकार के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सुख-सुविधाएं प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हो सकते हैं। भारत को भी इस सत्य को समझना होगा। वर्तमान में अमेरिका से लेकर भारत तक ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
अखिलेश आर्येन्दु



# महर्षि दयानंद का संदेश आज के दौर में अधिक प्रासंगिक

हम महर्षि को पौराणिकता या किसी खास नजरिए से देखने के बजाय यदि वेदों और उपयोगिता के संदर्भ में विश्व मानवता के साथ जोड़ कर देखें तो पाएंगे कि दयानंद ने आज से 160 साल पहले जो विश्व मानवता को संदेश दिया था, वह आज के हिंसा और अराजकतावाद के उन्मादी दौर में कहीं अधिक प्रासंगिक जान पड़ता है। मैक्समूलर ही नहीं अनेक विदेशी विचारकों, साहित्यकारों, राजनेताओं, समाज सुधारकों ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि दयानंद जो भी कहते हैं, वह निष्पक्ष ही नहीं ज्ञान, सत्य, सर्व कल्याण को ध्यान में रखकर और तर्कसंगत तथा वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होता है। आम तौर पर दयानंद को महज एक हिंदू समाज सुधारक के तौर पर समझकर उन्हें संकीर्ण बना देते हैं। जबकि महर्षि दयानंद हिंदू समाज सुधारक ही नहीं बल्कि वे तो सारी मानवता को एक ऐसी दिशा देने वाले थे जो सामाजिक रूप से सबल और उच्चता के शिखर पर पहुंचने वाली साबित हुई। जीवन, समाज, साहित्य, धर्म, संस्कृति, भाषा, मानव मूल्य, अध्यात्म, राजनीति, अर्थ, दर्शन, विज्ञान, व्याकरण, योग ध्यान सहित ऐसे सभी विषयों पर उनकी नजर गई जो मानव और समाज के लिए महत्वपूर्ण, उपयोगी और कल्याणकारी हो। 59 साल की विकट संघर्ष वाली जिंदगी में उन्होंने एक भी कार्य ऐसा नहीं किए जो किसी के लिए अनुचित, अहितकारी या अमर्यादित रहा हो। चाहे वह सांस्कृतिक चेतना की बात हो, राजनीति, समाज, दर्शन और शिक्षा की बात हो, तब भी केवल और केवल वेद ही सामने होते हैं। इसलिए दयानंद के किसी विचार, कार्य और व्यवहार पर किसी को काटने की जरूरत नहीं पड़ी। जिसने उनके कार्य, विचार और व्यवहार का विरोध किया, वह किसी न किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर ही किया। हम दयानंद के कार्यों और विचारों का मूल्यांकन करते वक्त यह भूल जाते हैं कि उन्होंने सत्य, न्याय, निष्पक्ष, व्यावहारिक और सर्वहित पर गौर करते हुए ही सारी बात कही और सारे कार्य किये। भले ही उन्हें इसके लिए जहर पीना पड़ा हो। वैसे तो उनके अनगिनत कार्य हैं लेकिन वैदिक गुरुकुलों की स्थापना, राष्ट्र निर्माण की चेतना, समाज कल्याण और स्वदेशी पर ही जोर देने, हिंदी को प्रमुखता, शुद्धिकरण, दलित, पिछड़े व नारी कल्याण, सच्चे वैदिक धर्म व अध्यात्म का प्रचार, सत्य, शुभ और शांति की स्थापना, शुद्ध आहार-विहार, गौ संरक्षण, वैदिक यज्ञों की फिर से स्थापना और योग साधना जैसे तमाम कार्यों को हम मौजूदा दौर में अधिक प्रासंगिक पाते हैं। मानव की भलाई जिसमें हो, दयानंद उस बात को उस कार्य को सबसे बेहतर और हितकारी मानते दिखाई पड़ते हैं। सत्यार्थ प्रकाश में जो भी उन्होंने लिखा, उसमें उनका अपने खुद के फायदे का कुछ भी नहीं है।

सारा का सारा ज्ञान और तथ्य मानव समाज के सुधार, सुख, शांति, आपसी प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता, न्याय, अहिंसा की स्थापना, सत्य की जीत और शुभत्व को ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत किया। दुराग्रह, आग्रह, स्वार्थ और पक्षधारिता को दूर-दूर तक दयानंद के जीवन में हम नहीं पाते हैं। महर्षि दयानंद की देन को हमें विस्तृत फलक पर देखना चाहिए, तभी हम उनका ठीक, सही और निष्पक्ष मूल्यांकन कर पाएंगे। मिसाल के तौर पर जब हम विज्ञान और अध्यात्म के क्षेत्र में उनका मूल्यांकन करें तो पाएंगे कि उन्होंने वेदों के आधार पर जो विश्व मानवता के हित में था, वहीं आगे बढ़ाया। विज्ञान और अध्यात्म एक-दूसरे से कैसे जुड़े हैं उनके जरिए वेदाधारित त्रैतवाद के जरिए समझा जा सकता है। दयानंद द्वारा मानवता, धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, समाज, भाषा, शिक्षा और वेद के लिए किए गए अनगिनत अवदानों और स्थापनाओं को जानने में भी दुनिया को सुविधा होगी।

वह स्वभाषा, स्वसंस्कृति, स्वधर्म, स्वराष्ट्र, स्वाभिमान, स्वगौरव, स्वशिक्षा, स्वतंत्रता और शाकाहार को समाज का आधार मानते थे। उनकी आंखों में सभी मानवों के लिए प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता और कल्याण के लिए स्थान था। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब-कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उतना ही दूसरे मत पंथों की भी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### केजरीवाल की राजनीतिक परिपक्वता

देश के लाखों-लाख लोग लगातार टकटकी लगाकर ताक लगाए बैठे थे कि दिल्ली विधानसभा में बड़ी पराजय के बाद अरविंद केजरीवाल क्या-क्या कहने और आरोप लगाने वाले हैं! उनसे बहुत नकारात्मक और तर्कहीन बातों-आरोपों की आशाएं व अपेक्षाएं लगा रखी थीं लाखों लोगों ने। परंतु अप्रत्याशित और आश्चर्यजनक रूप से केजरीवाल ने विनम्रता का प्रदर्शन करते हुए जनादेश का स्वागत कर डाला। मैं अधिकतर अवसरों पर केजरीवाल की कुछ नकारात्मक किस्म की राजनीति का विरोधी रहा हूं। मुझे भी केजरीवाल की ऐसी प्रतिक्रिया पर आश्चर्य हुआ। इस तरह का सकारात्मक रुख अपनाकर केजरीवाल यह संदेश देने में सफल रहे कि वो राजनीति में अब परिपक्व हो गए हैं।

*मनोज पाठक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों, शोषितों, वंचितों के उत्थान और स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु समर्पित उनका जीवन हम सभी के लिए पाथेय है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### गंदगी की सफ़ाई कराएं



संगम के मुख्य नहान स्थान पर हर तरफ़ फैली अपरंपार गंदगी की सफ़ाई का इंतज़ाम तुरंत किया जाए। ये गंदगी स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों तरह से बहुत हानिकारक है। इससे महाकुंभ की पवित्र-पावन छवि भी दूषित और धूमिल हो रही है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई



स्वस्थ रहने के लिए एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई एक ऐसी चीज़ है जिसका हमें डटकर सामना करना होगा।

**-नीरज चोपड़ा, भारतीय एथलीट**

### संसाधन खोजना अहम



अगले पांच वर्षों में दुनिया को केवल बैटरी उत्पादन की मांग को पूरा करने के लिए तांबे, लिथियम और कोबाल्ट की अधिक आवश्यकता होगी। जाहिर है, नई खदानें खोलना और अन्वेषण के माध्यम से अधिक संसाधन खोजना बहुत महत्वपूर्ण है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### ट्रंप ने प्लास्टिक के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर दिया जोर


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह संघीय स्तर पर कागज के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, क्योंकि वे ''टिकाऊ'' नहीं होते। उन्होंने कहा कि इसके बजाए प्लास्टिक के इस्तेमाल की तरफ बढ़ना चाहिए। ट्रंप ने संघीय खरीद नीतियों को पलटने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया है। उन्होंने वह नीति पलट दी है जिसके तहत कागज के स्ट्रॉ की खरीद को प्रोत्साहित किया जाता था और प्लास्टिक के स्ट्रॉ पर प्रतिबंध था। आदेश में संघीय एजेंसियों को कागज के स्ट्रॉ खरीदना बंद करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दफ्तरों के भीतर अब कागज के स्ट्रॉ उपलब्ध न कराए जाएं। ट्रंप लंबे समय से कागज से बने स्ट्रॉ के खिलाफ बोलते रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप ब्रांड वाले पुनः इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक स्ट्रॉ की बिक्री भी की गई थी। ट्रंप ने इस आदेश से पूर्ववर्ती जो बाइडन प्रशासन के फैसले को पलट दिया है जिसमें 2027 तक खाद्य सेवा संचालन, आयोजनों और पैकेजिंग से स्ट्रॉ सहित एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक की संघीय खरीद को समाप्त करना और 2035 तक सभी संघीय संचालनों से समाप्त करना शामिल था।



## ऑफ बीट

### गर्म हो रही है समुद्र तल पर ठंडे पानी की परत

अंटार्कटिक में हमारे नए शोध से पता चलता है कि समुद्र तल पर ठंडे पानी की महत्वपूर्ण परत, जो दुनिया को घुमाती है और ज्यादातर वायुमंडलीय गर्मी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सोखने की समुद्र की क्षमता को बनाए रखने में मदद करती है, अब गर्म हो रही है और सिकुड़ रही है। इनमें से अधिकांश मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो अंटार्कटिक बर्फ की परतों को पिघला रहा है और इस संचलन को नियंत्रित करने वाली जटिल प्रणाली को बाधित कर रहा है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है, जहां तक पिछले 30 वर्षों का संबंध है, देखे गए परिवर्तनों के लिए एक प्राकृतिक चक्र आंशिक रूप से जिम्मेदार हो सकता है। औद्योगिक युग की शुरुआत के बाद से मानव द्वारा उत्पादित अतिरिक्त गर्मी का 90% से अधिक और अतिरक्त कार्बन डाइआक्साइड का लगभग 30% समुद्र ने अवशोषित किया है। इसने पृथ्वी की सतह पर जहाँ हम रहते हैं, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को बहुत कम कर दिया है। वायुमंडल और महासागर के बीच गैसों और गर्मी का अधिकांश आदान-प्रदान दक्षिणी महासागर में अंटार्कटिका के आसपास पानी की जटिल ऊर्ध्वाधर गतिविधियों के माध्यम से होता है।



**भरोसा और**
**निवेशकों को पहला स्थान**
**मूल्यों की नींव पर**
**मध्यप्रदेश की उड़ान**



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री    **डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# कर्टेन रेज़र कार्यक्रम
# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

**इन्वेस्ट मध्यप्रदेश**
— अनंत संभावनाएं —
24-25 फरवरी 2025, भोपाल

होटल ताज महल, मान सिंह रोड एरिया, नई दिल्ली
12 फरवरी, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे



## असीमित संभावनाएं एवं निवेश का समृद्ध इकोसिस्टम आपके लिए तैयार हैं

**आकर्षक नीतियां**
पारदर्शी नीतियों के साथ
कस्टमाइज्ड पैकेज

**ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस**
EODB रैंकिंग में अग्रणी राज्य

**आधुनिक आधारभूत संरचना**
340+ औद्योगिक पार्क (MSME, IT, EMS पार्क सहित) 7 स्मार्ट सिटीज़, 5 आईटी सेज़

**पावर सरप्लस**
31 GW स्थापित क्षमता
30% स्वच्छ ऊर्जा

**स्ट्रेटजिक कनेक्टिविटी**
6 हवाई अड्डे, 20 रेलवे जंक्शन, 6 ड्राई पोर्ट
1 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**व्यापक औद्योगिक लैंड बैंक**
1 लाख + एकड़

**विस्तृत रोड नेटवर्क**
5 लाख + किमी रोड नेटवर्क
46 राष्ट्रीय राजमार्ग

**पर्याप्त जल आपूर्ति**
उद्योगों के लिए 1000 + मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

www.investmp.in

D-11179/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP | #InvestInMP | #MPGIS2025

# अदाणी को राहत? ट्रंप ने विदेशी रिश्वतखोरी कानून पर लगाई रोक

## न्याय मंत्रालय को आधी सदी पुराने कानून को रोकने का दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें न्याय मंत्रालय को लगभग आधी सदी पुराने कानून पर रोकने लगाने और उसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी की जांच इसी कानून के तहत शुरू की गई थी। ट्रंप ने 1977 के विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जो अमेरिकी कंपनियों तथा विदेशी कंपनियों को व्यापार करने के लिए विदेशी सरकारों के अधिकारियों को रिश्वत देने से रोकता है। अभियोजकों ने पिछले वर्ष एफसीपीए का हवाला देते हुए आरोप लगाया था कि यह बात उन अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाई गई, जिनसे अदाणी समूह ने इस परियोजना के लिए अरबों डॉलर जुटाए थे। एफसीपीए विदेशी भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई करने की अनुमति देता है, जबकि उनका अमेरिकी निवेशकों या बाजारों से कुछ संबंध हो। इस कानून पर ट्रंप का रोक लगाना और समीक्षा का आदेश देना अदाणी समूह के लिए राहत के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि छह महीने की समीक्षा अवधि के बाद न्याय मंत्रालय क्या रुख अपनाता है।

### अदाणी के खिलाफ अभियोग चलाया गया

राष्ट्रपति ने अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पामेला बॉन्डी को एफसीपीए के प्रवर्तन को रोकने का निर्देश दिया, जिसके तहत अमेरिकी न्याय मंत्रालय कुछ चर्चित मामलों की जांच कर रहा है। इसके तहत ही भारतीय उद्योगपति एवं अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर के खिलाफ अभियोग चलाया गया।



### भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का था मामला

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन नीत सरकार के अधीन न्याय मंत्रालय ने पिछले साल अदाणी पर सौर ऊर्जा ठेकों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 2,100 करोड़ रुपये) से अधिक की रिश्वत देने की योजना का कथित रूप से हिस्सा होने का आरोप लगाया था।

### अटॉर्नी जनरल को समीक्षा करने के निर्देश

ट्रंप ने जिस आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं उसमें '' अटॉर्नी जनरल को 180 दिन में एफसीपीए के अंतर्गत जांच और प्रवर्तन कार्रवाइयों को नियंत्रित करने वाले दिशानिर्देशों तथा नीतियों की समीक्षा करने'' को कहा गया है। इसमें कहा गया, '' समीक्षा अवधि के दौरान अटॉर्नी जनरल किसी भी नई एफसीपीए जांच या प्रवर्तन कार्रवाई की शुरुआत नहीं करेंगे।''

# देश में 10 वर्ष में होंगे 10 लाख पंजीकृत स्टार्टअप : गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि देश में उभरते उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों से अगले 10 वर्ष में सरकार द्वारा पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 10 लाख होने की उम्मीद है।

देश में वर्तमान में 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जबकि 2016 में इनकी संख्या 450 थी। सरकार ने नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत परिवेश बनाने के इरादे से 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी। सरकार की पात्रता शर्तों के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत इकाइयों को 'स्टार्टअप' के रूप में मान्यता दी जाती है। ये इकाइयां स्टार्टअप इंडिया कार्य योजना के तहत कर तथा गैर-कर प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र हैं।

## यूरोपीय संघ अनुचित शुल्क का देगा जवाब

# यूरोपीय संघ ने अमेरिकी शुल्क के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई की दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶| ब्रसेल्स

यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि इस्पात तथा एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क को लेकर जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे 27 देशों के समूह को कड़े जवाबी कदम उठाने पड़ेंगे।

- 27 देशों के समूह को कड़े जवाबी कदम उठाने पड़ेंगे

वॉन डेर लेयेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाए जाने पर बयान में कहा, ''यूरोपीय संघ अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएगा।'' उन्होंने कहा, '' शुल्क, कर हैं... व्यापार के लिए बुरे, उपभोक्ताओं के लिए और भी बुरे हैं। यूरोपीय संघ पर अनुचित शुल्क का जवाब दिया जाएगा।'' वॉन डेर लेयेन ने कहा कि इसके जवाब में इतनी ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



- ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाने का दिया गया जवाब
- अमेरिका कोई विकल्प नहीं छोड़ता, तो ईयू एक जूट होकर करेगा कार्रवाई

### दोनों पक्षों की समृद्धि को होगा नुकसान: जर्मनी चांसलर

इस बीच, यूरोपीय संघ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने संसद को बताया कि '' यदि अमेरिका हमारे लिए कोई अन्य विकल्प नहीं छोड़ता है, तो यूरोपीय संघ एकजुट होकर प्रतिक्रिया देगा।'' उन्होंने कहा, '' अंततः व्यापार युद्धों से हमेशा दोनों पक्षों की समृद्धि को नुकसान होता है।''

### ट्रंप ने पहले कार्यकाल में भी लगाया था शुल्क

ट्रंप ने विदेशी इस्पात और एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत कर लगाने की घोषणा की है। इससे स्थानीय उत्पादकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से राहत मिलने की उम्मीद है जिससे वे अधिक कीमत वसूल सकेंगे। ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में भी इसी तरह के शुल्क लगाए थे, लेकिन इस कदम से अमेरिका के प्रमुख सहयोगियों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचा था।

### डाउनस्ट्रीम विनिर्माताओं की लागत बढ़ी

साथ ही इस्पात और एल्युमीनियम खरीदने वाले 'डाउनस्ट्रीम' विनिर्माताओं की लागत बढ़ गई थी। यूरोपीय संघ आयोग के उपाध्यक्ष मार्कोस शेफकोविक ने मंगलवार को कहा कि शुल्क ''आर्थिक रूप से प्रतिकूल हैं, विशेष रूप से हमारे व्यापक अंतर-अटलांटिक व्यापार व निवेश संबंधों के माध्यम से स्थापित गहन एकीकृत उत्पादन श्रृंखलाओं को देखते हुए।''

### हम बातचीत के लिए तैयार: ईयू

शेफकोविक ने पत्रकारों से कहा, '' हम अपने कर्मचारियों, व्यवसायों और उपभोक्ताओं की रक्षा करेंगे। हमारे लिए यह आदर्श स्थिति नहीं है। हम रचनात्मक संवाद के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बातचीत के लिए तैयार हैं और जहां संभव हो, पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान खोजने के लिए तैयार हैं।''शेफकोविक ने कहा, '' दोनों पक्षों के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है।''

### भारत के तेल व्यापार पर नहीं पड़ेगा असर : रूसी मंत्री

*रूस के प्रथम उप-ऊर्जा मंत्री पावेल सोरोकिन ने कहा है कि रूस पर अमेरिका द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों का भारत के साथ रूस के तेल व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने इन प्रतिबंधों को 'गैरकानूनी' बताया। पिछले महीने अमेरिका ने रूस के ऊर्जा व्यापार के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाए थे। इन प्रतिबंधों में रूसी तेल उत्पादक गैजप्रोम नेफ्ट और सर्गुटनेफ्टेगास को लक्ष्य बनाया गया था और साथ ही रूसी तेल ले जाने वाले 183 जहाजों पर प्रतिबंध लगाया गया था।*

# सोने में सात दिन से जारी तेजी थमी, 200 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने में पिछले सात दिन से चली आ रही तेजी थम गई तथा वैश्विक बाजारों में सुस्ती के रुख के बीच स्टॉकिस्टों की बिकवाली के कारण इसकी कीमत मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन इसका भाव 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, चांदी की कीमत 900 रुपये टूटकर 96,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र का भाव 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के कांग्रेस के समक्ष बयान से पहले सोने की कीमतों में गिरावट आई है, जिसपर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के भविष्य के ब्याज दर में कटौती के बारे में जानकारी के लिए बारीकी से नजर रखी जाएगी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले सात सत्रों में सोना 5,660 रुपये या 6.8 प्रतिशत चढ़ा था। इस साल सोने की कीमत 8,910 रुपये या 11.22 प्रतिशत बढ़ी है। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक - जिंस और मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा कि आगामी अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आंकड़े और पावेल का बयान सोने के व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण घटनाक्रम होंगे।

### दोनों पक्ष नए रास्ते तलाश रहे

दोनों पक्ष दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। वे आर्थिक सहयोग, प्रौद्योगिकी सहयोग और निवेश के अवसरों के नए रास्ते तलाश रहे हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **Manohar Kumar S/o Sh. Khemandas Ubrani,** I lost/misplaced the Original Share Certificate, Allotment Letter and Possession Letter of the **Flat No. C-221, Panchvati Co-operative Group Housing Society Ltd., Panchvati Apts., Plot No.8 Bodella Phase-II, Vikas Puri, New Delhi** an FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No: **2575235/2025** dated **11/02/2025,** any person found the original documents may write/contact with above named person at above address/phone No.9650952848 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (GH) or Asstt, Director (GH), Block-C3, Second Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

### सिन्जीन के एमडी और सीईओ हंट ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** जोनाथन हंट ने अन्य अवसरों की तलाश के लिए सिन्जीन इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक (सीईओ) पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। अनुबंध अनुसंधान, विकास और विनिर्माण संगठन (सीआरडीएमओ) ने एक बयान में कहा कि इसके बाद बोर्ड ने पीटर बैंस को सीईओ के रूप में नामित किया है। बयान में कहा गया कि दोनों परिवर्तन 10 फरवरी से प्रभावी होंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रकाश उर्फ सिंधी** पुत्र विजय सिंह निवासी मकान नं. ई–79/46, सब्जी मंडी, सोनिया विहार झुग्गी, मंडावली, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 105/2017 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना मंडावली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रकाश उर्फ सिंधी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रकाश उर्फ सिंधी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 105/2017 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना मंडावली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रकाश उर्फ सिंधी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.05.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री सचिन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 16,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/792/ED/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रमोद** पुत्र चुन्नी लाल निवासी ए–58/3, गली नं. 7, जगतपुरी एक्सटेंशन, जी.टी.बी. एन्क्लेव, शाहदरा, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 496/19 धारा 341/506/34 भा.द.स. के अन्तर्गत थाना जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रमोद** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रमोद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 496/19 धारा 341/506/34 भा.द.स. के अन्तर्गत थाना जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रमोद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **09.05.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री संघमित्रा,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01,**
**कमरा नं. 54,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/1667/SHD/2025

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### अमेरिकी शुल्क चिंता के बीच सेंसेक्स ने लगाया 1,000 अंक से अधिक का गोता

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक का गोता लगा गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिका के नये सिरे से शुल्क लगाने को लेकर व्यापार युद्ध की आशंका से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,018.20 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,281.21 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 309.80 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 नुकसान में जबकि छह लाभ में रहे।

# रुपया 63 पैसे की तेजी के साथ 86.82 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया 63 पैसे की तेजी के साथ 86.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह करीब दो साल में एक सत्र में दर्ज सबसे अधिक तेजी है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि 88 के स्तर के करीब पहुंचने के एक दिन बाद मंगलवार को हुई तीव्र बढ़त, विश्वव्यापी शुल्क युद्ध की चिंताओं के बीच अत्यधिक अस्थिर मुद्रा बाजार को दर्शाती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और कारोबार के दौरान 86.61 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छू गया। अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 86.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 63 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को 87.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ



## राशिफल

**मेष:** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** भाग–दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु:** व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## सिर्फ तेल बेचकर कमा लिए 6 हजार करोड़ रूपए से अधिक

# बाबा रामदेव की पतंजलि को हुआ तगड़ा मुनाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली चीजें बनाने वाली बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए अपने नतीजों का ऐलान कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तिमाही में पतंजलि का नेट प्रॉफिट 71.3 प्रतिशत बढ़कर 370.9 करोड़ रुपए हो गया। जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 216.5 करोड़ रुपए था। कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी दी कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,103.13 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,910.70 करोड़ रुपए थी। वहीं इस तिमाही में कंपनी का इबिटाडा 57.1 प्रतिशत बढ़कर 540.5 करोड़ हो गया। पतंजलि फूड्स ने 1 नवंबर, 2024 को पतंजलि आयुर्वेद के होम और पर्सनल केयर बिजनेस को 1,100 करोड़ रुपए में खरीद लिया है और इसी के साथ डेंटल, स्किन, हेयर और होम केयर सेगमेंट में भी इसका दायरा बढ़ गया है। हालांकि, महंगाई और कच्चे माल की कीमत अधिक होने की वजह से तीसरी तिमाही में डिमांड में थोड़ी कमी भी देखी गई। कंपनी ने तीसरी तिमाही में एक्सपोर्ट से 67.27 करोड़ रुपए का रेवेन्यू कमाया है। कंपनी ने 29 देशों में अपने सामान भेजे। फूड और अन्य एफएमसीजी सेगमेंट से कंपनी ने तीसरी तिमाही में 2,037.61 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल 2,498.62 करोड़ रुपए था। होम एंड पर्सनल केयर सेगमेंट से कंपनी का रेवेन्यू 420.36 करोड़ रुपए रहा। जबकि कंपनी को सबसे ज्यादा मुनाफा खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले तेल से हुआ।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लाख) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | मुंशीवाला माइनर की क्षतिग्रस्त ब्रिक लाइनिंग + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.02.2025 | 3.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी जिले में चौ. बंसीलाल एयरस्ट्रिप भिवानी में विभिन्न भवन का निर्माण (सीसीटीवी, पीए सिस्टम सहित फायर अलार्म, एलएएन और ईपीएबीएक्स सिस्टम का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 10.02.2025 24.02.2025 | 61.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/40/32364/I/88/7 दि. 11.02.25

## शब्द पहेली - 5776




**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा,इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा,क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर,शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा,अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर,आकर्षक-5
22. अनासक्ति,निर्विकारता-5
25. पानी,नीर-2
26. सूखा,दुष्काल-3
27. कांटा,कंटक-2
28. शांति,ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31. लाख,गोंद-2
33. मधुक,महुआ-3
35. हृदयगति,स्पंदन-4
36. अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख,पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5. वियोग,जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता,अकेलापन-4
10. मरियल,निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म,गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम,नमस्कार-3
32. लड़ी,श्रृंखला-2
34. दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 5775 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | ज | ली | घ | र | | मा | न | सि | क |
| दि | ल | | ड | | ख | न | न | | ना | रा |
| ल | | धा | र | दा | र | | क | ली | | मा |
| दु | ला | रा | | | खा | स | | ख | प | त |
| ख | | धा | | ना | व | | ग | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | च | म | क | दा | र |
| | यू | | त | | स | र | | ट | | वा |
| ह | र | म | | शा | म | | | पी | स | ना |
| ड़ | | य | श | | का | रा | वा | स | | हो |
| ता | न | | प | ग | ली | | न | | म | ना |
| ल | थ | प | थ | | न | ग | र | व | धु | |



# ऑस्ट्रेलिया के तीन सहित अन्य देशों के कई स्टार खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है। इसके लिए सभी टीमों ने अपने दल का ऐलान कर दिया है। काफी समय के बाद पाकिस्तान में किसी बड़े टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट टीम अपने मुकाबले दुबई में खेलने वाली है। जैसे-जैसे ये टूर्नामेंट नजदीक आ रहा है कई खिलाड़ी अलग-अलग वजहों से अपनी-अपनी टीम से बाहर हो गए हैं।



## ऑस्ट्रेलिया के 3 खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर

ऑस्ट्रेलिया के 3 प्रमुख खिलाड़ी कप्तान पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ये टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। कमिंस और हेजलवुड चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। वहीं, स्टोइनिस ने सभी को चौंकाते हुए अचानक वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अभी तक ये भी तय नहीं हुआ है कि टीम का कप्तान कौन होगा। हालांकि अभी ऑस्ट्रेलिया की टीम में बदलाव होना है। तेज गेंदबाजी का सारा दारोमदार मिचेल स्टार्क के कंधों पर होगा।

## दक्षिण अफ्रीका से बाहर हुए 2 खिलाड़ी

तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनके अलावा टीम का एक और तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्ज़ी भी चोटिल होने के कारण यह टूर्नामेंट नहीं खेलेगा। ये दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए बहुत बड़ा झटका है। तेम्बा बावुमा की टीम कगिसो रबाडा और मार्को येंसन पर पूरे टूर्नामेंट में निर्भर रहेगी। हालांकि, लुंगी एनगिडी की वापसी से टीम को फायदा जरूर पहुंचेगा।




## इंग्लैंड के जेकेब बेथल टीम से बाहर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज जैकेब बेथेल भी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। कप्तान जोस बटलर ने इसकी पुष्टि की है। बेथेल को हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है। यह खिलाड़ी भारत के खिलाफ पहले वनडे में टीम का हिस्सा था। हालांकि, वह दूसरा मुकाबला नहीं खेले थे। बेथेल की जगह टॉम बैंटन की इंग्लैंड की टीम में वापसी हुई है। वह दुबई में इंटरनेशनल टी-20 लीग खेल रहे थे। उनके बल्ले से 2 शतक भी निकले थे।

## पाकिस्तान के सैम अयूब भी बाहर

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए सभी प्रारूप में सैम अयूब खूब रन बना रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान उन्हें फील्डिंग करते हुए टखने में चोट आई और वह अपनी सरजमीं पर होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए। अयूब को 3 जनवरी को चोट आई थी और उस समय से उन्हें ठीक होने में 10 हफ्तों का समय लगेगा। फखर जमान और बाबर आजम अब सलामी बल्लेबाज के रूप में नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### पंकज बने भारतीय स्नूकर चैंपियन, कुल 36वां राष्ट्रीय खिताब जीता

**इंदौर।** भारत के सबसे कुशल खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां यशवंत क्लब में राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीती जो उनके करियर का कुल मिलाकर 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब है। ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे आडवाणी ने खराब शुरुआत से उबरते हुए फाइनल में ब्रिजेश दमानी को हराया। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर ही एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप 15 फरवरी से शुरू होगी जिसमें आडवाणी और दमानी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर गुजरात रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में



**राजकोट।** तेज गेंदबाजों प्रियजीत जडेजा और अर्जन नागवासवाला ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे गुजरात ने मंगलवार को यहां सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली पारी के आधार पर 295 रन से पिछड़ी सौराष्ट्र की टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के चौथे दिन दूसरी पारी में भी 197 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियजीत ने 32 रन देकर चार जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नागवासवाला ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जैकसन ने अपनी टीम के क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

### मां के निधन के कारण टूर्नामेंट से हटे टाइगर वुड्स

**सैन डिएगो।** टाइगर वुड्स टॉरे पाइंस में होने वाले जेनेसिस इनविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से यह कहते हुए हट गए कि वह अभी तक अपनी मां के अचानक निधन से नहीं उबर पाए हैं।



टाइगर की मां कुल्टिडा वुड्स का पिछले मंगलवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वुड्स ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा मैंने इस सप्ताह खेलने की योजना बनाई थी लेकिन मैं अभी इसके लिए तैयार नहीं हूं। वुड्स इस टूर्नामेंट के मेजबान भी हैं और उनके इस सप्ताह के आखिर में टॉरे पाइंस में उपस्थित रहने की उम्मीद है।

### मिश्रित युगल पुरस्कार राशि 10 लाख डॉलर की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन अपनी मिश्रित युगल चैंपियनशिप का आयोजन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले के हफ्ते में कराएगा और उसे उम्मीद है कि प्रारूप में बदलाव तथा 10 लाख डॉलर की इनामी राशि से शीर्ष एकल खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे।

भारत बनाम इंग्लैंड, तीसरा वनडे: नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज दोपहर 1.30 बजे से

# सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया आज इंग्लैंड को क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ आज बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच खेली जा रही 3 मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला आज दोपहर 1.30 बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम ने शुरुआती 2 मैचों को जीतकर वनडे सीरीज में अजेय बढ़त बनाई हुई है।

जहां तक जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल करने के लिए तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से भी उसकी टीम की परेशानियां बढ़ गई हैं। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। जो रूट ने भी अपना प्रभाव छोड़ा है लेकिन उन्हें दूसरी तरफ से सहयोग नहीं मिला है। गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया है लेकिन अगर इंग्लैंड को जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



### कोहली के लिए अग्निपरीक्षा है यह मैच

इस मैच में हालांकि विराट कोहली पर निगाह रहेगी जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें। कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है।

### इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

रोहित इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां 7 मुकाबले खेले हैं और इसकी 7 पारियों में 50.57 की औसत से 354 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन है। विराट कोहली ने यहां 9 मैच में 246 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के लिए केविन पीटरसन और जो रूट ने इस मैदान पर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन (90) बनाए हैं।

### इन गेंदबाजों ने झटके हैं सबसे ज्यादा विकेट

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 10 विकेट लिए हैं। उन्होंने यहां 6 वनडे मुकाबले खेले थे और उनकी औसत 15.60 की रही थी। उन्होंने 3.04 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी। भारत के सक्रिय गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज के नाम सबसे ज्यादा 5 मैच में 8 विकेट है। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 3 मैच में 4 विकेट झटके हैं।

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अन्य आंकड़े

वनडे क्रिकेट के इतिहास में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर (365/2) दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने बनाया है। भारतीय टीम का सबसे बड़ा स्कोर (325/5) रन रहा है। यहां इंग्लैंड का सबसे बड़ा स्कोर (282/9) रन है। इस मैदान पर सबसे छोटा स्कोर (85) जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के नाम है। भारतीय टीम का सबसे छोटा स्कोर (100) रन रहा है। इंग्लैंड का सबसे छोटा स्कोर (228/9) रन है।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।

राष्ट्रीय खेल

## रवीना और सर्विन ने जीता स्वर्ण, सभी नौ खिलाड़ियों ने तोड़ा पिछला रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| देहरादून

अभूतपूर्व नतीजे में मंगलवर को यहां राष्ट्रीय खेलों की महिला 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा पूरी करने वाली सभी नौ प्रतिभागियों ने 26 साल पहले बने खेलों के रिकॉर्ड समय से बेहतर प्रदर्शन किया।

स्पर्धा में 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया लेकिन दो स्पर्धा को पूरा नहीं कर पाए। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी ने अपनी प्रविष्टि भेजी थी लेकिन उन्होंने स्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया। मणिपुर में 1999 के बाद इस स्पर्धा की राष्ट्रीय खेलों में वापसी हुई है। पिछले साल 20 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय और राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली हरियाणा की रवीना ने 45.52 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। सेना के सर्विन सबेस्टियन ने एक घंटा 21 मिनट 23 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 1999 खेलों के दौरान इम्फाल में बनाए मणिपुर की वाई बाला देवी के 51.56 सेकेंड के खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। वहीं सर्विन का पिछला निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक घंटा 21 मिनट 39 सेकेंड था।

### शालिनी ने रजत, मुनीता ने कांस्य जीता

उत्तराखंड की शालिनी (46.12 सेकेंड) ने रजत जबकि उत्तर प्रदेश की मुनिता प्रजापति (46:23 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। रवीना के बाद स्पर्धा पूरी करने वाली आठ प्रतिभागियों ने भी 51.56 सेकेंड के खेलों के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। इन्होंने निकाला पिछले से बेहतर समय : तमिलनाडु की मोकावी मुथुराथिनम (46.23 सेकेंड), उत्तराखंड की पायल (47.36 सेकेंड), उत्तर प्रदेश की रेशमा पटेल (48.16 सेकेंड), उत्तराखंड की मानसी नेगी (48.32 सेकेंड), महाराष्ट्र की सेजल सिंह (49.33 सेकेंड) और हरियाणा की मोनिका (51.45 सेकेंड) ने भी पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर समय निकाला।

### शेल्डन ने हर प्रारूप के क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** घरेलू क्रिकेट के स्टार खिलाड़ी शेल्डन जैक्सन ने पेशेवर क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। वह पहले ही वनडे और टी-20 क्रिकेट खेलना छोड़ चुके हैं। सौराष्ट्र क्रिकेट टीम के लिए जैक्सन ने 2006 में डेब्यू किया था। इंडियन प्रीमियर लीग में यह खिलाड़ी कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुका है। हालांकि, 38 साल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज को भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से खेलने का कभी मौका नहीं मिला।

**बढ़ती उम्र के कारण लिया संन्यास :** जैक्सन ने वनडे और टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद था, जिस तरह से सौराष्ट्र के युवा खिलाड़ियों ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला, उसने मुझे यकीन दिलाया कि मेरा समय पूरा हो गया है। मुझे यह सही नहीं लगा कि मैं किसी युवा खिलाड़ी की जगह लूं।

जो जीतेगा वही पहुंचेगा फाइनल में

## पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच त्रिकोणीय सीरीज का तीसरा मैच आज



एजेंसी ▸▸| कराची

इस समय खेली जा रही त्रिकोणीय वनडे सीरीज का तीसरा मैच दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 12 फरवरी को कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम फाइनल में प्रवेश करेगी। बता दें कि न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपने शुरुआती 2 मैच जीतकर पहले ही फाइनल का टिकट हासिल कर चुकी है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच 12 फरवरी को कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी

वनडे प्रारूप में अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमें कुल 86 वनडे में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 52 में प्रोटियाज टीम जीती है और 33 मैच पाकिस्तान ने अपने नाम किए हैं। इस बीच 1 वनडे मैच बेनतीजा रहा है। दिलचस्प रूप से आखिरी 5 आपसी भिड़ंत में से पाकिस्तान ने 4 वनडे में जीत दर्ज की थी।

**पाकिस्तानी :** फखर जमान, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), खुशदिल शाह, कामरान गुलाम, सलमान आगा, तैय्यब ताहिर, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ और अबरार अहमद।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, जेसन स्मिथ, वियान मुल्डर, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), मिहलाली मपोंगवाना, सेनुरान मुथुसामी, ईथन बॉश, जूनियर डाला, लुंगी एनगिडी और केशव महाराज।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

ब्रीट्जके ने पिछले मैच में डेब्यू करते हुए 150 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया है। बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 14 वनडे पारियों में 60.08 की औसत के साथ 721 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 6 अर्धशतक लगाए हैं। क्लासेन ने पाकिस्तान के विरुद्ध 8 वनडे पारियों में 3 अर्धशतकों की मदद से 292 रन बनाए हैं। शाहीन ने प्रोटियाज टीम के खिलाफ 12 वनडे में 25.86 की औसत से 23 विकेट लिए हैं।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम में होंगे कुछ बदलाव :** दक्षिण अफ्रीका अपने अगले मुकाबले में हेनरिक क्लासेन और केशव महाराज को शामिल कर सकती है। ये दोनों खिलाड़ी पिछले मैच के लिए टीम में उपलब्ध नहीं थे। निश्चित तौर पर अपने प्रमुख खिलाड़ियों की वापसी के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम को मजबूती मिलेगी।

## बतौर सलामी बल्लेबाजी में रोहित ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने बीते रविवार को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे वनडे मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की। कटक के बाराबती स्टेडियम में हुए मैच में भारत की जीत के नायक रोहित शर्मा रहे, जिन्होंने शतक लगाया। इस बीच रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर सलामी बल्लेबाज, रनों के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। इस बीच 15,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।



**वीरेंद्र सहवाग (16,119 रन)**
वीरेंद्र सहवाग ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर का अंत 17,253 रन बनाने के साथ किया था। इसमें से 16,119 रन उन्होंने बतौर सलामी बल्लेबाज बनाए थे।

**रोहित शर्मा (15,404 रन)**
सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित ने 368 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 45.43 की औसत के साथ 15,404 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 264 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 44 शतक और 79 अर्धशतक लगाए हैं।

**सचिन तेंदुलकर (15,335 रन)**
सलामी बल्लेबाजों के रूप में सचिन तेंदुलकर ने 342 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 15,335 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 200* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 45 शतक और 75 अर्धशतक लगाए थे।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ : वार्रिकान ने जनवरी के लिए जीता पुरस्कार, वरुण चक्रवर्ती चूके

एजेंसी ▸▸| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने जनवरी 2025 के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के स्पिनर जोमेल वार्रिकान को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। उन्होंने पिछले महीने टेस्ट प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने भारत के वरुण चक्रवर्ती और पाकिस्तान के नोमान अली को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता। दूसरी तरफ महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को ये सम्मान मिला है।



### ऐसा रहा था वार्रिकान का प्रदर्शन

बाएं हाथ के स्पिनर वार्रिकान ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल किया, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था। उन्होंने पहले टेस्ट में कुल 10 विकेट (3/69 व 7/32) और दूसरे टेस्ट में कुल 9 विकेट (4/43 व 5/27) लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने सीरीज में 85 रन बनाए थे। 2 मैचों की वो टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ था।

### कैसा रहा था वरुण और नोमान का प्रदर्शन?

चक्रवर्ती ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 टी-20 की सभी पारियों में कुल 18 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 9.86 की औसत के साथ 14 विकेट लिए थे। उन्होंने सीरीज में एक पारी में 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा भी किया। उन्होंने जनवरी माह में 4 टी-20 मैचों में 12 विकेट अपने नाम किए थे। पाकिस्तान के नोमान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में 12.62 की औसत से कुल 16 विकेट लिए थे।

### यह पुरस्कार जीतना सम्मान की बात है : वार्रिकान

वारिकन ने कहा, यह पुरस्कार जीतना सम्मान की बात है। इस साल मेरा एक लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लेना था, लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि यह इतना बड़ा होगा। मैं इसे अपने क्रिकेट करियर में एक छोटा कदम मानता हूं, और मैं आगे भी कई कदम उठाने की उम्मीद करता हूं।

टीम गुजरात टाइटंस को लेकर सामने आई बड़ी खबर

## गुजरात टाइटंस को मिलेगा नया मालिक, टोरेंट ग्रुप खरीदेगी इतनी हिस्सेदारी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग की टीम गुजरात टाइटंस को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिलने वाला है। अहमदाबाद की टोरेंट ग्रुप समूह आईपीएल 2022 का खिताब जीतने वाली जीटी की ज्यादातर हिस्सेदारी अपने नाम करने वाली है। टोरेंट ग्रुप सीवीसी कैपिटल से फ्रेंचाइजी की 67 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने वाला है। सीवीसी कैपिटल ने 4 साल पहले यह टीम खरीदी थी। इसके लिए कागजी कार्रवाई पूरी हो रही है।

### 5,625 करोड़ रुपये में सीवीसी कैपिटल ने खरीदी थी टीम

गुजरात टाइटंस की टीम को खरीदने के लिए साल 2021 में सीवीसी कैपिटल ने 5,625 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। टीम ने अपने पहले सीजन (2022) में ही हार्दिक पांड्या की कप्तानी में ट्रॉफी जीत ली थी। इसके बाद दूसरे सीजन (2023) में वह फाइनल तक पहुंचने में कामयाब रहे थे। आईपीएल 2024 में यह टीम 8वें स्थान पर रही थी। जीटी का घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम है, जहां 1 लाख से अधिक लोग मुकाबला देख सकते हैं।



### टोरेंट ग्रुप कितने पैसे देंगे?

15 फरवरी तक दोनों ग्रुप के बीच सबकुछ फाइनल हो जाएगा। टोरेंट ग्रुप ने कितने पैसे दिए हैं, यह गुप्त रखा गया है। अनुमान है कि 6,100 से 7,800 करोड़ रुपये वे भुगतान कर सकते हैं। टोरेंट ग्रुप 2021 में भी आईपीएल टीम खरीदना चाहते थे। सीवीसी कैपिटल बाजार के अनुसार पूरी रणनीति बनाकर चलता रहा है। अगर उसे मुनाफा हो जाता है तो वह लाभ लेकर आगे बढ़ जाते हैं। इसी कारण वह जीटी की टीम छोड़ रहे हैं।

### 41,000 करोड़ की कंपनी है टोरेंट ग्रुप

टोरेंट ग्रुप की वेबसाइट के अनुसार उनकी कंपनी का मूल्यांकन लगभग 41,000 करोड़ रुपये है और यह भारत की शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों में से है। इसकी अगुआई 2 प्रमुख सहायक कंपनियां करती हैं। ये कंपनी टोरेंट पावर और टोरेंट फार्मा हैं। ऐसा माना जा रहा है कि टोरेंट ग्रुप के चेयरमैन सुधीर मेहता के बेटे जिनल मेहता आईपीएल निवेश की देखरेख करेंगे। अभी जीटी के कप्तान शुभमन गिल है। इसके अलावा राशिद खान भी टीम की कप्तानी कर चुके हैं।

### ऐसी है गुजरात टाइटंस की पूरी टीम

जीटी के पूरे दल में 18 भारतीय और 7 विदेशी खिलाड़ी मौजूद हैं।

**बल्लेबाज:** शुभमन गिल (कप्तान), ग्लेन फिलिप्स, कुमार कुशार्ग, अनुज रावत, जॉस बटलर और शेरफेन रदरफोर्ड। ऑलराउंडर: साई सुदर्शन, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोइट्जे, अरशद खान, करीम जन्नत और शाहरुख खान।

**गेंदबाज:** कुलवंत खजरोलिया, राशिद खान, राहुल तेवतिया, साई किशोर, जयंत यादव, मानव सूथर, गुरनूर बरार, ईशांत शर्मा, कगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज।

हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों में मिली कामयाबी

# एयरो इंडिया में व्हीकल माउंटेड काउंटर ड्रोन लॉन्च

**10 किलोमीटर की रेंज में टारगेट को हिट कर सकेगा**

**इसमें 7.62 एमएम गन और एडवांस रडार लगा हुआ**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के साथ मंगलवार को 'एयरो इंडिया 2025' में व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम का अनावरण किया। इस प्लेटफॉर्म को डीआरडीओ के महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली) डॉ. बीके. दास ने रक्षा विशेषज्ञों और उद्योग भागीदारों की उपस्थिति में लॉन्च किया।

कंपनी ने अपने बयान में कहा कि यह अत्याधुनिक प्रणाली उभरते हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक युद्ध में टोही और आक्रामक अभियानों के लिए ड्रोन के बढ़ते उपयोग के कारण एक मजबूत एंटी-ड्रोन सिस्टम की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है। अडाणी डिफेंस और एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा कि यह भारत के डिफेंस इनोवेशन इकोसिस्टम की क्षमता को दिखाता है। यह डीआरडीओ के वर्ल्ड क्लास आरएंडडी और टेक्नोलॉजी फ्रेमवर्क के हस्तांतरण से संचालित है।



### देश के पास स्वदेशी रक्षा तकनीक

आशीष राजवंशी ने कहा कि अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस सफलतापूर्वक डीआरडीओ की टेक्नोलॉजी को ऑपरेशनल रेडी सॉल्यूशंस में बदलने में सफल रहा है। इससे हमारी सेनाओं की क्षमता बढ़ेगी। अपनी उन्नत विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाकर, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे सशस्त्र बलों के पास देश के रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए सबसे उन्नत, स्वदेशी रक्षा टेक्नोलॉजी तक पहुंच हो।

### हाई-एनर्जी लेजर सिस्टम से सुसज्जित

व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम लंबी दूरी की सुरक्षा, चपलता और सटीकता सुनिश्चित करता है, जो इसे आधुनिक रक्षा बलों के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बनाता है। यह उन्नत सेंसर क्षमताओं के माध्यम से निर्बाध सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें ड्रोन का ऑटोमेटिक डिटेक्शन, वर्गीकरण और निष्क्रिय करना शामिल है। इस ड्रोन को सिंगल 4×4 व्हीकल के साथ एकीकृत किया गया है। इसमें किसी ड्रोन को मार गिराने के लिए हाई-एनर्जी लेजर सिस्टम लगा हुआ है। इसमें 7.62 एमएम गन और एडवांस रडार है। यह 10 किलोमीटर की रेंज में टारगेट को हिट कर सकता है।

**जीई एयरोस्पेस ने वायुसेना के साथ किया करार**

50 से अधिक देशों में 130 से अधिक ग्राहकों को सेवा

# पांच साल तक करेगी टी-700 इंजन का रखरखाव

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



जीई एयरोस्पेस ने टी700 इंजन के रखरखाव के लिए भारतीय वायुसेना के साथ पांच साल का प्रदर्शन-आधारित लॉजिस्टिक्स (पीबीएल) अनुबंध किया है। इसका उद्देश्य भारतीय वायुसेना के एएच-64ई-आई अपाचे हेलिकॉप्टरों के बेड़े को शक्ति प्रदान करने वाले टी700-जीई-701डी इंजनों के लिए एक व्यापक संधारणीय समाधान प्रदान करना है।

कंपनी के मुताबिक इस अनुबंध के तहत, जीई एयरोस्पेस भारतीय वायुसेना के लिए इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टी700 इंजन और फ्लाइट लाइन पार्ट्स के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) के लिए जिम्मेदार होगा। जीई एयरोस्पेस के अनुसार, टर्बोशाफ्ट और टर्बोप्रॉप इंजनों का टी700/सीटी7 परिवार 15 प्रकार के सैन्य और नागरिक हेलिकॉप्टरों और फिक्स्ड-विंग विमानों को शक्ति प्रदान करता है, तथा 50 से अधिक देशों में 130 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।

---

भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिले नायब और बड़ौली

## नगर निकाय चुनाव और संगठन से जुड़े मसलों पर हुई चर्चा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश भाजपा के सहप्रभारी सुरेन्द्र नागर और प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा भी थे।

- आगामी 2 मार्च को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि आज दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा जी से शिष्टाचार भेंट कर दिल्ली में मिली भाजपा की प्रचंड जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न संगठनात्मक विषयों सहित हरियाणा में आगामी 2 मार्च को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। हरियाणा के परिवारजनों ने प्रदेश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना लिया है।

---

**केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इनके क्रियान्वयन के लिए राज्यों को भेजे पत्र**

*यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी*

# अब 'नारी अदालत' के जरिए महिलाओं को मिलेगा शीघ्र न्याय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब महिलाओं को उनकी रिहाइश के करीब ही आसानी से न्याय सुलभ हो जाएगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इसके लिए 'नारी अदालत' नामक एक अनोखी पहल की है। फिलहाल जम्मू-कश्मीर और असम में प्रायोगिक परियोजना के तौर पर यह अदालत चल रही है। लेकिन मंत्रालय ने देशभर में नारी अदालतों का क्रियान्वयन करने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र भेजे हैं। जिससे जरूरतमंद महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सकेगा।

यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को केंद्रीय बजट-2025-26 में मंत्रालय के लिए किए गए आवंटन के विषय पर जानकारी देने के लिए आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में दी।

**खास बातें**

- असम में प्रायोगिक परियोजना के तौर पर यह अदालत चल रही
- विवाद का हल निकालने के लिए अदालत में गांव का मुखिया या अन्य लोग मौजूद रहेंगे
- विवाद न सुलझने की स्थिति में लोग वन स्टॉप सेंटर को मामले को ट्रांसफर कर सकते हैं



### कानूनी सिस्टम से होगा जुड़ाव

केंद्रीय मंत्री ने नारी अदालतों की कानूनी वैधानिकता से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में कहा कि वर्तमान में ग्रामीण स्तर पर विवादों का निपटारा शुरुआती स्तर पर पंच और सरपंच के माध्यम से होता है। लेकिन अगर वो चाहें तो मामले को नारी अदालत में भेज सकते हैं। जहां विवाद का हल निकालने के लिए अदालत में गांव का मुखिया या अन्य लोग मौजूद रहेंगे। यहां विवाद न सुलझने की स्थिति में यह लोग वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) को मामले को ट्रांसफर कर सकते हैं। जहां पुलिस व अन्य प्रकार की कानूनी सहायता ली जा सकती है।

### दिल्ली में लागू होंगी केंद्र की योजनाएं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली में जल्द बनने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार की वजह से अब पहले के मुकाबले तेजी के साथ केंद्र की तमाम योजनाएं लागू हो सकेंगी। इसमें वन स्टॉप सेंटर खोलने से लेकर अन्य योजनाएं शामिल हैं। बीते समय में यह देखा गया था कि मंत्रालय की तरफ से कुछ योजनाओं को लेकर उन्हें लगातार वित्तीय धनराशि मुहैया कराई गई थी। लेकिन तत्कालीन सरकार ने उसका उपयोग नहीं किया। अब मुझे उम्मीद है कि दिल्ली में बेहतर ढंग से काम हो सकेगा और केंद्र सरकार की तमाम योजनाएं लागू हो सकेंगी।

### 18 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा पोषण माह

*उन्होंने बताया कि इस वर्ष मंत्रालय द्वारा पोषण माह का आयोजन 18 मार्च से लेकर 2 अप्रैल तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम का सातवां संस्करण होगा। मुख्य रूप से मंत्रालय का लक्ष्य पोषण माह के जरिए जन जागरूकता को बढ़ाना और व्यवहार परिवर्तन करना होगा। पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के जरिए आंगनबाड़ी कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 30 हजार मास्टर ट्रेनर मौजूद हैं। मंत्रालय का लक्ष्य सभी 14 लाख आंगनबाड़ी कर्मियों को प्रशिक्षित करने का है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही इसे प्राप्त कर लिया जाएगा।*

---

**कुमारी सैलजा ने नितिन गडकरी को लिखा पत्र**

# नेशनल हाइवे-9 पर अंडर पास निर्माण की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि उनके संसदीय क्षेत्र सिरसा की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए एनएच-9 स्टोन नंबर 132-133 के बीच माजरा रोड फतेहाबाद पर और हिसार-सिरसा एनएच-9 पर सीएच नंबर 221+700 पर अंडर पास का निर्माण करवाया जाए। इन स्थानों पर बने कट के कारण आए दिन सड़क हादसे होते रहते है और जानमाल का नुकसान होता है, अंडर पास बनने से लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

> कहा- हाइवे पर बने कट के चलते आए दिन होते रहते है हादसे, जानमाल का होता है नुकसान

सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र के जिला फतेहाबाद के कुछ गांवों के सरपंचों और प्रमुख नागरिकों ने एनएच-9 स्टोन नंबर 132-133 के बीच माजरा रोड फतेहाबाद पर अंडर पास बनाने के लिए उन्हें मांगपत्र सौंपा है। माजरा रोड नेशनल हाइवे को फतेहाबाद शहर से जोड़ने का सबसे नजदीकी रास्ता है, इस रास्ते पर 17 गांव पड़ते है, इस माजरा रोड पर एक कट बना हुआ है, जहां पर अंडर पास न होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं और जानमाल का नुकसान हो चुका है। ऐसे में उक्त कट को आरजी तौर पर बंद करते हुए अंडर पास बनाया जाए ताकि दोनों ओर के किसानों को फसल कटाई के समय आने-जाने में कोई परेशान न हो।

### फसल कटाई के समय अधिक हादसे

*कुमारी सैलजा ने कहा है कि इसके साथ ही हांसपुर-नागपुर बाइपास एनएच-9 संघर्ष समिति की ओर से भी मांग की गई है कि हिसार-सिरसा एनएच-9 पर सीएच नंबर 221+700 पर अंडर पास का निर्माण करवाया जाए। सीएच नंबर 221+700 पर एक कट है जहां से एक लिंक रोड नई अनाजमंडी से दौलतपुर-हिजरावा कलां की ओर जाती है, इस रोड से 15-20 गांव जुड़े हुए है, फसल कटाई के समय अधिक भीड़ रहने से हादसे होते रहते है जिन्हें रोकने के लिए उक्त स्थान पर अंडर पास का निर्माण जरूरी है। सैलजा ने गडकरी से अनुरोध करते हुए कहा है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त दोनों ही स्थानों पर अंडर पास का निर्माण करवाया जाए।*

---

# कांग्रेस ने उठाया ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की ओर से बांध बनाने का मुद्दा

## लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गोगोई ने कहा यह चिंताजनक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



> पूछा, इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय फोरम पर उठाने के लिए सरकार ने क्या किया

कांग्रेस सांसद नेता गौरव गोगोई ने मंगलवार को लोकसभा में यारलुंग त्सांगपो ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन द्वारा बनाये जा रहे दुनिया के सबसे बड़े बांध का मुद्दा उठाते हुए इसे चिंताजनक बताया।

उन्होंने कहा कि हमें इस बात पर सहमति बनानी होगी कि चीन बाढ़ पूर्वानुमान और प्रबंधन को लेकर हाइड्रोलोजिकल डाटा हमसे साझा करे। मेरा सवाल है क्या सरकार जानती है कि चीन एक बांध बना रहा है? इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय फोरम पर उठाने के लिए सरकार ने क्या किया है?

उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुत्र नदी असम की जीवन रेखा है और भारत की रणनीतिक संपत्ति है। यारलुंग त्सांगपो ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के चीन के फैसले ने भारत की जल सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी है।

गोगोई ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के असंगत रूप से बढ़ते नियंत्रण को लेकर जानकारी दी है। संसद में कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने के फैसले का मुद्दा उठाया। लोकसभा में उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुत्र नदी असम की जीवन रेखा है और भारत की रणनीतिक संपत्ति है। यारलुंग त्सांगपो ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के चीन के फैसले ने भारत की जल सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी है।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता ने मांग की है कि जल समझौता और प्रबंधन को प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और विदेश मंत्रालय के स्तर पर चीन के साथ भारत के कूटनीतिक संबंधों का प्रमुख भाग होना चाहिए।

---

**संग्रहण करने वाली गरीब आदिवासी महिलाओं को हो रहा नुकसान**

राज्यसभा में ओडिशा की सांसद सुलतादेव ने उठाया सवाल, छग के सांसद रहे खामोश

# तेंदूपत्ते पर 18 फीसदी जीएसटी हटाये जाने की मांग खारिज की वित्तमंत्री ने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में तेंदूपत्ते पर लगाये गये 18 फीसदी जीएसटी को हटाये जाने का मामला उठा। आडिशा की सांसद सुलता देव ने प्रश्नकाल में मामला उठाते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से पूछा कि गरीब आदिवासी ज्यादातर महिलाएं चूंकि तेंदूपत्ते का संग्रहण करती हैं, माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस के अंतर्गत आने वाले तेंदूपत्ता पर जीएसटी वसूले जाने से उन्हें नुकसान हो रहा है, क्या जीएसटी को तेंदूपत्ता से हटाये जाने पर कोई विचार हो सकता है?

वित्तमंत्री ने इसका जवाब में विस्तार से सदन को बताया कि तेंदूपत्ता पर जीएसटी हटाये जाने का निवेदन लेकर पहले भी तत्कालीन बीजद सरकार के वित्तमंत्री



निरंजन जी जीएसटी काउंसिल में आये थे। उसी बैठक में तेलंगाना के वित्तमंत्री ने बेहद तार्किक बताते हुए सुझाव दिया था कि तेंदूपत्ते पर से जीएसटी नहीं हटाया जाना चाहिए क्यों कि तेंदूपत्ते की खरीदी, बिक्री करने वाले से जीएसटी की वसूली का प्रावधान है न कि संग्रहण करने वाली आदिवासी महिलाओं को जीएसटी भुगतान करना होगा। वित्तमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों में तेंदूपत्ते का संग्रहण बिचौलियों के मार्फत भिन्न भिन्न एजेंसियां करती हैं, उनमें संबंधित राज्य सरकारों की एजेंसियां भी शामिल हैं। ऐसे में जीएसटी हटाये जाने से जिन आदिवासी महिलाओं को लाभ पहुंचाने की बात की जा रही है उन तक दरअसल लाभ पहुंचेगा नहीं, क्यों कि आदिवासी महिलाएं वनों से तेंदूपत्ता सग्रहण का काम करती हैं, खरीद, बिक्री का नहीं।

वन से तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले आदिवासियों को प्रति बोरे की दर से छत्तीसगढ़ सरकार ने 4 हजार रुपये बढ़ाकर 5500 रुपये कर दिया है। इससे पहले कांग्रेस की सूबाई सरकार ने 1800 रुपये प्रति बोरे से सीधे 4 हजार रुपये की बढ़ोतरी की थी। ऐसे ही प्रावधान तेंदूपत्ता उत्पादक अन्य राज्यों में है। मजे की बात ये है कि ओडिशा सरकार तेंदूपत्ते पर 7 फीसदी का टैक्स जीएसटी से पहले बतौर वैट वसूला करती थी। ये बात अलग है कि 7 फीसदी से 18 फीसदी टैक्स ज्यादा है। इसी की वकालत करते हुए ओडिशा तेंदूपत्ता संग्रहण में जुड़े संगठनों का कहना है कि सिगरेट पर 9 फीसदी का टैक्स है जब कि तेंदूपत्ते पर 18 फीसदी कर दिया गया है, ये उचित नहीं। विदित हो कि तेंदूपत्ते से मूलरूप से बीडी बनाने का काम किया जाता है।

ओडिशा की ओर से जब सांसद सुलता देव तेंदूपत्ते का सवाल उच्चसदन में उठा रही थीं तब छत्तीसगढ से राज्यसभा पहुंची रंजीत रंजन समेत अन्य सांसद भी मौजूद थे लेकिन एक ने भी इस मसले को छग के आदिवासियों के हित में उठाने की जहमत नहीं उठायी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109